RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 35 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 35 डिग्री
न्युनतम तापमान 27 डिग्री

गुरुवार 14 अगस्त 2025
सुर्योदय प्रात: 05 :49 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 07 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 अविश्वास और आरोपों के बम-ख़तरनाक मोड़ पर राजनीति

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 300 | गाजियाबाद, गुरुवार 14 अगस्त 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी मुर्मु

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति का संबोधन शाम छह बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 11 बजकर 30 मिनट पर क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।



## सुप्रीम कोर्ट ने की ओलंपियन सुशील की जमानत रद्द आत्मसमर्पण करने का आदेश

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सुप्रीम कोर्ट ने सागर धनखड़ हत्याकांड के आरोपी ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उसे एक सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर यह आदेश पारित किया। श्री धनखड़ ने सुशील को दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से मार्च में दी गयी जमानत के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की थी। उन्होंने मामले के गवाहों को धमकाने का आरोप लगाते हुए जमानत रद्द करने की गुहार लगाई थी। आरोपी कुमार को मई 2021 में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 27 वर्षीय पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था।



## भारत-सिंगापुर के बीच स्वास्थ्य, कौशल, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत-सिंगापुर के बीच यहां बुधवार को सम्पन्न मंत्रिश्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) में दोनों पक्षों के बीच स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में विकास सहयोग पर सहमति बनी।

सम्मेलन में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय दल और सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग ने अपने दल का नेतृत्व किया। भारतीय दल में श्रीमती सीतारमण के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शामिल थे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने आईएसएमआर के तहत सहयोग और समन्यवय के लिए निर्धारित गए छह श्तंभों पर विचार-विमर्श किया, जिनमें , डिजिटलीकरण, कौशल विकास, पारिस्थितिकी की दृष्टि से विकास के स्वस्थ मार्ग , स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा, उन्नत विनिर्माण और सम्पर्क सुविधाओं को मजबूत बनाने के विषय शामिल हैं।

चर्चा के दौरान भारतीय दल ने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2024 में सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के श्तर तक बढ़ाया गया है। सिंगापुर की ओर से वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री एवं गृह मंत्री के षणमुगम, विदेश मंत्री विवियन बाला , डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री एवं गृह मंत्री सुश्री जॉसेफीनी तेओ योग ली मिन, जनशक्ति मंत्री एवं व्यापार एवं उद्योग मंत्री टैन सी लेंग और कार्यवाहक परिवहन मंत्री एवं वरिष्ठ वित्त राज्य मंत्री जेफरी सिओ ने भी बैठक में भाग लिया। दोनों देशों के बीच इस उच्च श्तरीय वार्ता में आपसी व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के बारे में चर्चा की गयी।

# पिकअप ट्रेलर से टकराई, 11 लोगों की मौत, 14 घायल

✷ वेबवार्ता. दौसा ✷

राजस्थान के दौसा जिले के सैंथल थाना क्षेत्र में पिकअप के ट्रेलर से टकराने पर बुधवार तड़के सात बच्चों सहित 11 लोगों की मौत गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए।

दौसा कलक्टर देवेन्द्र कुमार के अनुसार क्षेत्र में दौसा-मनोहरपुर हाईवे पर बुधवार तड़के एक पिकअप गाड़ी सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में दस लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई और कई घायल हो गए। उन्होंने बताया कि नौ घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेजा गया है और तीन घायलों को दौसा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश में फिरोजाबाद के रहने वाले ये लोग राजस्थान से अपने घर लौट रहे थे।

उधर इस हादसे में गंभीर रुप से घायल एक महिला ने एसएमएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। सैंथल थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 25 लोग हादसे की चपेट में आये थे उनमें 11 लोगों की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि ये लोग राजस्थान में सालासर बालाजी एवं खाटूश्याम मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई नेताओं ने गहरा दुख जताया है।श्री बागडे ने शोक व्यक्त करते



हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की।

श्री शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि इसमें जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद है। जिला प्रशासन को घायलों का त्वरित एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की। श्री बिरला ने हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि दौसा में हुए भीषण सड़क हादसे में कई लोगों की मृत्यु और घायल होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में बच्चों और महिलाओं की मृत्यु का समाचार जानकार मन व्यथित है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान की प्रार्थना की।

इसी तरह श्री देवनानी, श्री गहलोत, श्रीमती राजे, श्री डोटासरा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी डा सतीश पूनियां, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं को शांति एवं घायल को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से

### पीड़ितों को राहत राशि देने की मोदी की घोषणा

प्रधानमंत्री ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पीएम ने संवेदना व्यक्त की और घटना में मारे गये लोगों के परिजनों तथा घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की।

मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया

# मतदाताओं के हित में है

● एसआईआर पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

### कहा-11 में से कोई 1 डाक्यूमेंट्स मांग रहा ईसी, इसमें गलत क्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भी बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के लेकर विशेष पुनरीक्षण संशोधन को लेकर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया को वोटर फ्रेंडली बताया। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग ने 11 में से कोई एक दस्तावेज मांगा है। वहीं, याचिकाकर्ता की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट ने दस्तावेजों की संख्या से असहमति जताई। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस डॉयमाल्या बागची ने की। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने कहा कि




डॉक्यूमेंट की लिस्ट कई सरकारी विभागों से फीडबैक के आधार पर ही बनाई गई थी, ताकि अधिक लोगों के पास इनकी उपलब्धता हो। सिंघवी ने कहा कि बिहार में 1 से 2 फीसदी लोगों के पास ही स्थायी आवास प्रमाण पत्र है। उन्होंने कहा कि बिहार में जनसंख्या के आधार पर इन दस्तावेजों की उपलब्धतता काफी कम है। सिंघवी ने कहा-तीन बाक्स खाली हैं।

● राज्य में 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट, ऐसे पेश न करें- इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य में 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट है। इसे अच्छी संख्या कहा जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बिहार को इस तरह पेश न करें। अखिल भारतीय सेवाओं में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व इसी राज्य से है। आईएएस, आईपीएस, आईएफएस में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व यहीं से है। अगर युवा आबादी प्रेरित नहीं होगी तो यह संभव नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि मतदाताओं को लिस्ट में शामिल 11 दस्तावेजों में से कोई एक जमा करना अनिवार्य है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इससे असहमति जताई और कहा कि यह गलत है।

## आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

● सीजेआई बीआर गवई ने दिलाया भरोसा, कहा-मैं खुद देखूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। इसकी सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। सीजेआई ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने



2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती। इससे पहले एससी ने 11 अगस्त को डॉग बाइट्स और रेबीज के मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी। हाईकोर्ट द्वारा निपटाने के बाद यह संगठन सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

## मृत लोगों के साथ चाय पीने का अनुभव कराने के लिए आयोग का धन्यवाद : राहुल गांधी



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा है कि उसके कारण उन्हें मृत लोगों के साथ चाय पीने का अनुभव हुआ है।

श्री गांधी ने बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में कथितरूप से मृत घोषित लोगों के साथ फोटो खिंचवाने और चाय पीने के बाद आयोग पर इस तरह का तंज कसा है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "जीवन में बहुत दिलचस्प अनुभव हुए हैं, लेकिन कभी 'मृत लोगों' के साथ चाय पीने का मौका नहीं मिला था। इस अनोखे अनुभव के लिए, धन्यवाद चुनाव आयोग।"

कांग्रेस ने एक बयान में कहा, "बिहार के उन सात मतदाताओं के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी चाय पी रहे हैं जिन्हें चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मृत घोषित हैं। चुनाव आयोग की एसआईआर सूची में उन्हें 'मृत' बताया गया है।"

पार्टी ने कहा कि चुनाव आयोग ने मृत, प्रवासी आदि घोषित लोगों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रकाशित नहीं की है। ज़मीनी श्तर पर हमारी टीमें इन लोगों की पहचान केवल इसलिए कर पायी क्योंकि वे अनौपचारिक रूप से दो-तीन मतदान केंद्रों में चुनाव आयोग की आंतरिक जानकारी प्राप्त करने में कामयाब रहीं। ये सात मतदाता उस निर्वाचन क्षेत्र के दो-तीन मतदान केंद्रों में अन्यायपूर्ण तरीके से हटाए गए मतदाताओं का केवल एक छोटा सा हिस्सा हैं। यह कोई लिपिकीय त्रुटि नहीं है - यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक मताधिकार का हनन है।

कांग्रेस ने कहा कि बेंगलुरु में वोट चोरी का पर्दाफाश होने के बाद, यह स्पष्ट है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में भी समझौता किया गया है। जब जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया जाता है।

## टैरिफ वार के बीच अमेरिका जाएंगे पीएम मोदी

● ट्रंप से भी हो सकती है मुलाकात, यूएन में भाषण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सितंबर के आखिरी सप्ताह में अमेरिका दौरे पर जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, यात्रा का औपचारिक कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएन) में हिस्सा लेना है, लेकिन असली फोकस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर व्यापार विवाद सुलझाना और टैरिफ पर सहमति बनाना होगा।



इस दौरान दोनों नेता एक व्यापार समझौते की घोषणा भी कर सकते हैं, बशर्ते कि मौजूदा अड़चनें दूर हो जाएं। 15 अगस्त को ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात होने वाली है, जिसमें यूक्रेन युद्ध पर बात होगी।

# प्रियंका गांधी की टी-शर्ट देख भड़कीं मिंता देवी

### पूछा-कौन हैं वो लोग मेरे,बगैर पूछे नाम क्यों लिखा

**सिवान (एजेंसी)।** बिहार की मिंता देवी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के ऊपर भड़की हुई हैं। मिंता देवी ने पूछा है कि इन लोगों ने मुझसे बिना पूछे ऐसा किया कैसे। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य सांसदों ने बिहार के एसआईआर को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने एक टी-शर्ट पहनी थी, जिसपर मिंता देवी की फोटो छपी हुई थी। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि मिंता देवी की उम्र वोटर लिस्ट में 124 साल लिखी गई है।

अब मिंता देवी ने इस पर आपत्ति जताई है। बिहार के सिवान में मिंता देवी ने कहा कि मुझे इसके बारे में 2-4 दिन पहले ही पता चला। विपक्षी सांसद मेरे कौन होते हैं। प्रियंका गांधी या राहुल गांधी मेरे कौन होते हैं। इन लोगों को किसने अधिकार दिया कि मेरा नाम लिखा, मेरी फोटो छपी टी-शर्ट पहनें। मिंता देवी ने विपक्षी सांसदों से नाराजगी जताते हुए कहाकि मेरी उम्र के ऊपर यह लोग मेरे हितैषी






क्यों बन रहे हैं। ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। मैं ऐसा बिल्कुल नहीं चाहती हूं। वोटर लिस्ट को लेकर मिंता देवी ने कहा कि मुझे लगता है कि कुछ असमानताएं हैं। हालांकि अभी तक प्रशासन की तरफ से उनके पास कोई फोन नहीं आया है। उन्होंने कहाकि मैं चाहती हूं कि मेरी जो भी डिटेल्स हैं, उसे सही किया जाए। जिस किसी ने भी यह डिटेल्स भरीं, क्या उन्होंने अपनी आंखें बंद कर रखी थीं। मिंता देवी ने सरकार से भी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि अगर मेरी उम्र 124 साल है तो वह लोग मुझे वृद्धा पेंशन क्यों नहीं दे रहे हैं। मिंता देवी ने आगे बताया कि आधार कार्ड पर मेरी जन्मतिथि 15 जुलाई 1990 है। इसको लेकर कई सांसदों ने प्रदर्शन किया था।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी, एल0के0जी0, यू0के0जी के छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य आर्कषण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया ग्रुप डांस, एकांकी, नाटकमंचन इत्यादि रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने राधा कृष्ण बनकर सुंदर नृत्य प्रश्तुत किये एवं उनके सवांद बोले। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तब्बसुम ज़ैदी एवं शिक्षिका मोनिका शर्मा, आरती गौड़, निशात मिर्जा, विनसी चौधरी, अंजली रानी, रंदीप बग्गा, प्रीति चौधरी, उज़्मा परवीन, नेहा वर्मा, विनीता, मुस्कान अग्रवाल, समीक्षा त्यागी, वर्षा चौहान, पूनम मेहरोत्रा, खुशबु चौधरी, अंजली त्यागी, अर्चना शर्मा, शाहीन परवीन, शिवानी गुप्ता, वैशाली चौधरी, नीमिषा चौधरी, सोहित कुमार, हर्ष कुमार एवं संगीत शिक्षक सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका नाज़यि सलमानी ने किया।

## अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने किया सीज

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेत बजरी के खनन से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की। जब कि ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक भागने में सफल रहा।



पुलिस की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं पर खौफ होना चाहिए था लेकिन उन पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में अभी भी रेत बजरी व मिट्टी का खनन जारी है। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर एसआई गजेंद्र उज्ज्वल ने पुलिस टीम के साथ नगीना रायपुर रोड बुंदकी तिराहे के रेत से खनन कर ट्रैक्टर ट्राली भर कर लाने की सूचना पर कारवाही के लिए मौके पर जा रहे थी। पुलिस को आता देख रेत के खनन से भरे ट्रैक्टर ट्राली का चालक वहीं सड़क किनारे रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बुंदकी तिराहे रोड के सड़क किनारे खड़ी रेत खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे मे ले लिया और नवीन मंडी समिति में ले जाकर खड़ा करा दिया तथा पुलिस ने रेत के खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज करने की कार्रवाई करने की बात कही। उधर नगीना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में रेत का खनन करने वाले माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा उन्होंने दो टूक कहां की खनन माफिया खनन करने से बाज आयें वरना जेल जाने के लिए तैयार रहें।

## नगर के अनेक मोहल्लो से होकर गुजरी प्रभात फेरी

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। सनातन समाज के तत्वाधान में चौथे दिन नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। सकल सनातन धर्म के तत्वाधान में पंचायती मंदिर से प्रभात फेरी शुरू हुई। प्रभात फेरी पंचायती मंदिर से शुरू होकर होली चौक, सराय जोखा सिंह, चौधरियान पूर्वी, सब्जी मंडी, हलवाईयान, एजेंसी चौराहा, जोशियान, जामा मस्जिद, सुनारो वाली गली से होती हुई मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते चल रहे थे। प्रभात फेरी के आगे एक युवक झंडा लिए अगवानी करता चल रहा था। श्री पंचायती मंदिर के उप प्रबंधक एडवोकेट अर्पित कुमार गुप्ता ने बताया की प्रभात फेरी 16 अगश्त की प्रातः तक निकाली जाएगी। 15 अगश्त को भगवान श्री कृष्णा सहित अन्य प्रतिमाओ को वस्त्रधारण कराए जाएंगे। 16 अगश्त की रात को मंदिर में झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 17अगश्त को नगर में धूमधाम के साथ रामडोल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री पंचायती मंदिर महादेव प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रबंधक नरेंद्र अग्रवाल, उप प्रबंधक एड. अर्पित गुप्ता, मुख्य सलहाकर अशोक अग्रवाल, सदस्य विनीत गोयल, पुनीत अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, रामेन्द्र अग्रवाल, बालेश तायल, मुख्य पुजारी पंडित गणेश, नलिन अग्रवाल, चंद्र प्रकाश गुप्ता, निश्चल त्यागी, हरिओम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कौन बनेगा हिमाचल कांग्रेस का नया अध्यक्ष?

### पार्टी हाईकमान जल्द ही नए अध्यक्ष की कर सकता है घोषणा



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर मंथन तेज हो गया है। पार्टी हाईकमान जल्द ही नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी इस संबंध में हाईकमान को सुझाव भेज दिया है। उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग या मौजूदा कैबिनेट मंत्रियों में से किसी वरिष्ठ नेता को अध्यक्ष बनाने की सिफारिश की है। पिछले दिनों कांग्रेस हाईकमान दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से नए अध्यक्ष पर चर्चा कर चुकी है। कांग्रेस चाहती है कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाए, इसलिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को मिलाकर करीब 45 फीसदी आबादी है। इस बड़े वोट बैंक को साधने के लिए हाईकमान अनुसूचित जाति वर्ग के वरिष्ठ नेता को कमान देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। पार्टी का मानना है कि इससे सामाजिक संतुलन बनेगा और आने वाले चुनाव में इसे राजनीतिक फायदा भी मिलेगा।

भाजपा की ओर नजर डालें तो पार्टी ने हाल ही में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर अनुसूचित जाति वर्ग को तरजीह नहीं दी। वर्तमान में भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल लगातार दूसरी बार इस पद पर हैं। हालांकि उनसे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप अनुसूचित जाति वर्ग से थे। कांग्रेस के इतिहास में अब तक तीन बार ही अनुसूचित जाति वर्ग के नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। इनमें कुलदीप कुमार, स्वर्गीय पिरू राम और केडी सुल्तानपुरी अध्यक्ष रह चुके हैं। पिछले लंबे समय से यह पद इस वर्ग को नहीं मिला है।

अनुसूचित जाति वर्ग से जिन कांग्रेस विधायकों के नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं, उनमें सोलन जिले की कसौली सीट से विधायक विनोद सुल्तानपूरी, सिरमौर जिले की श्री रेणुका जी सीट से विनय कुमार, कांगड़ा जिले की जयसिंहपुर सीट से यादविंदर गोमा और हमीरपुर जिले की भोरंज सीट से विधायक सुरेश कुमार शामिल हैं। इनमें यादविंदर गोमा वर्तमान सुक्खू सरकार में मंत्री हैं, जबकि विनय कुमार विधानसभा के उपाध्यक्ष हैं।

सामान्य वर्ग से अध्यक्ष पद की दौड़ में ठियोग से विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप राठौड़ तथा कोटखाई से विधायक और वर्तमान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम भी चर्चा में है। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण के साथ क्षेत्रीय संतुलन पर भी हाईकमान अंतिम फैसला करेगा।

वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का कार्यकाल छह मई 2025 को समाप्त हो चुका है। नवंबर 2024 से ही प्रदेश, जिला और ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग है। ऐसे में नए अध्यक्ष के चयन के साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार हाईकमान ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा पूरी कर ली है और सभी वरिष्ठ नेताओं से राय भी ले ली गई है।

27 अप्रैल 2022 को कांग्रेस ने प्रतिभा सिंह को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था और छह मई 2022 को उन्होंने शिमला स्थित राजीव भवन में औपचारिक रूप से पदभार संभाला था। अब लगभग सवा तीन साल बाद यह पद खाली हो रहा है और नए चेहरे की तलाश तेज हो गई है।

## नोएडावाले ध्यान दें! इस्कॉन मंदिर के सामने यूटर्न बंद

**नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित इस्कॉन मंदिर में मनाए जाने वाले जन्माष्टमी पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर के सामने बने दोनों यू-टर्न मंगलवार को वाहनों के लिए बंद कर दिए गए। मंदिर के सामने सर्विस रोड को भी बंद कर दिया गया।

अब गुरुवार रात से मंदिर के सामने आने-जाने वाली दोनों मुख्य सड़कों के अधिकांश हिस्से में भी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। जन्माष्टमी के दिन काफी संख्या में लोग इस्कॉन मंदिर आते हैं। दोपहर से ही लोगों का आना शुरू हो जाता है, जो रात करीब एक-दो बजे तक चलता है। काफी संख्या में लोग यहां वाहनों से भी आते हैं। इसको लेकर यातायात पुलिस ने वाहनों के रास्तों में बदलाव की योजना तैयार कर ली है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को मंदिर के सामने बने दोनों यू-टर्न वाहनों के लिए बंद कर दिए। इन यू-टर्न के जरिए सेक्टर सेक्टर-25ए एडोब चौराहे की तरफ से आने वाले वाहन सेक्टर-31-25 चौराहे की ओर जाते हैं। अब गुरुवार रात से मंदिर के सामने आने-जाने वाली दोनों मुख्य सड़कों को भी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। सिर्फ सेक्टर-23 और 33 के सामने बने कट से अंदर-बाहर आने की सुविधा मिलेगी। जन्माष्टमी के दिन सुबह से ही वाहन चालक सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सीधे सेक्टर-31-25 चौराहे की ओर आ-जा नहीं सकेंगे। सेक्टर-24 एनटीपीसी के सामने बने लूप से होकर एलिवेटेड रोड की ओर जा सकेंगे। इसी तरह एलिवेटेड रोड से इस्कॉन मंदिर के सामने बने लूप से अभी उतर सकेंगे। जन्माष्टमी के दिन दोनों लूप वाहनों के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस्कॉन मंदिर के पीछे शिल्पहॉट के सामने वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा रहेगी। वीवीआईपी लोग शिल्पहॉट के सामने से होते हुए पीछे वाले गेट से मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे।

## नगर आयुक्त का वादा, कंपनी के सफाई कर्मचारियों का नहीं होगा शोषण





✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह वार्डों का दौरा कर सुखमा कंपनी के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और तत्काल कई सुधार के लिये कदम उठाए।

लंबे समय से सफाई कर्मचारियों के हाज़री लगाने और वेतन कटौती की शिकायतें सामने आ रही थीं।

गांधी पार्क में पहुँचे नगर आयुक्त के सामने महिला सफाई कर्मचारियों ने विशेष रूप से त्योहारों पर वेतन कटौती और सुपरवाइज़र द्वारा उत्पीड़न के मामले नगर आयुक्त के सामने रखे।

नगर आयुक्त ने सहानुभूतिपूर्वक इन समस्याओं को स्वीकार करते हुए तत्काल प्रभाव से 'बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। कंपनी को 24 घंटे के भीतर यह व्यवस्था शुरू करने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ने वार्ड 10, 8, 69, गांधी पार्क, सराय लावरिया और गूलर रोड फायर ब्रिगेड बीट का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनके साथ किसी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सभी की जायज़ मांगों का निश्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम किसी की रोज़ी-रोटी छीनने के पक्ष में नहीं है लेकिन जो लोग सफाई व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं या भोले-भाले कर्मचारियों को गुमराह कर रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सफाई कर्मचारियों की सहूलियत और अधिकारों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है।

## MVDA ने जन्माष्टमी पर्व की तैयारी शुरू की, दर्जनभर स्थानों पर स्वागत द्वार बने

✷ **एनसीआर टुडे. मथुरा** ✷

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण जोर-जोर से तैयारी में जुटा हुआ है। मथुरा वृंदावन में अलग-अलग करीब एक दर्जन स्थानों पर स्वागत द्वार विभाग द्वारा बनवाए जा रहे हैं।



इसके अलावा यमुना पुल से लक्ष्मी नगर बलदेव तिराहा तक बन रही सड़क के कार्य को तेज गति से अमली जामा पहनाया जा रहा है।

बुधवार को विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद द्विवेदी ने इंजीनियरों की टीम के साथ उक्त सड़क के निर्माण कार्य का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ठेकेदार को निर्देश दिए कि तत्काल निर्मित होने वाली सड़क साइड को रोलर चलाकर पूरी तरह से समतलीकरण कर दिया जाए ताकि उसकी गिट्टियां श्रद्धालूओ के पैर में ना लगे।

उन्होंने मौके पर मौजूद इंजीनियरों को निर्देश दिए की निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने बताया कि टैंक चौराहा, भूतेश्वर तिराहा, मसानी, गोवर्धन चौराहा, वृंदावन में सो शैय्या अस्पताल के पास आदि स्थानों पर जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए भव्य सुंदर स्वागत द्वार बनवाए जा रहे हैं।

## जन्माष्टमी पर 1500 से अधिक कर्मचारी मथुरा वृंदावन में सफाई कार्य करेंगे

✷ **एनसीआर टुडे. मथुरा** ✷




इस बार की श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर निगम ने प्लास्टिक पॉलिथीन मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। श्री कृष्ण के जन्म के बाद तुरंत ही सफाई का विशेष अभियान चला कर सुबह होने तक व्याप्त कूड़ा करकट गंदगी को हटाया जाएगा।

साथ ही बरसात होने पर श्री कृष्ण जन्म स्थान पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार भी चल रहा है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी व स्वतंत्रता दिवस पर महानगर के प्रमुख चौराहे व मार्गों को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। प्रकाश व्यवस्था को निर्बाध बनाये रखने के लिए अलग अलग स्थानों पर डेढ़ दर्जन जैनरेटर लगाए जा रहे है।

तीन खोया पाया केंद्र बनाये जाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के गेट नंबर 3 के सामने मेडिकल कैम्प तथा तीन स्थानों पर जूता घर दो स्थानों पर प्रसाद वितरण केंद्र बनेंगे। उक्त विचार आज महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त जग प्रवेश ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 लाख से अधिक का अनुमान है। 14 अगश्त से 18 अगश्त तक 1500 से अधिक कर्मचारी सफाई व्यवस्था के कार्य को करेंगे। नगर के प्रमुख स्थलों व मार्ग के किनारे बॉल पेंटिंग बनवाई जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी के टैंकर व प्याऊ लगाई जाएंगी जिसमें लगभग 8 लाख लीटर पानी की व्यवस्था की गई है।

श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर 52 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की जा रही है। जन्माष्टमी पर्व को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से चौराहे पर व प्रमुख मंदिरों के आसपास डिस्पोजल व कपड़े के थैले वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 50 लोगों को भंडारा लगाने की अनुमति दी गयी।

## जन्माष्टमी पर भव्य आयोजन को लेकर निगम करा रहा है मथुरा-वृंदावन में कार्य

✷ **एनसीआर टुडे. मथुरा** ✷

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के भव्य आयोजन को लेकर नगर निगम प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। नगर आयुक्त जग प्रवेश एक एक बिंदु पर स्वंय निगरानी रखे हुए है।



जिस तरह से नगर निगम द्वारा मथुरा वृंदावन में प्रकाश चित्रकारी सफाई पेंच वर्क कराया जा रहा है उसे देखकर स्थानीय लोग प्रसन्न नजर आ रहे है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी 2025 की भव्य तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा मथुरा-वृंदावन महानगर के संपूर्ण क्षेत्र में नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसमें साफ-सफाई, पैच वर्क, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण आदि सभी व्यवस्थाओं की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु परीक्षण एवं सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त ने वृंदावन नगर के प्रमुख मार्गों एवं परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, अतिक्रमण मुक्तिकरण, एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप गौरी गोपाल गौशाला के निकट कराई गई वॉल पेंटिंग तथा भगवान श्री कृष्ण के बाल गोपाल रूप में स्थापित की जा रही मूर्ति को देखा । उन्होंने अवर अभियंता निर्माण अरुण कुमार को निर्देश दिया कि कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि गुरुवार को बाल गोपाल भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति का उद्घाटन किया जा सके।

श्री बांके बिहारी मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर रेलिंग, बैरियर, अतिक्रमण हटाना, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी कार्य तत्काल करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा मथुरा-वृंदावन रोड पर सौ सैया तिराहा से हेलीपैड तक पौधों की कटाई-छंटाई एवं डिवाइडर पर वॉल पेंटिंग के कार्य को भी देखा। निरीक्षण में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक आदि निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला-पुरुषों के बीच हाथापाई, वीडियो वायरल

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

थाना टप्पल क्षेत्र स्थित जट्टारी कस्बे में पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



वीडियो में महिलाएं और पुरुष आपस में मारपीट करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई।

पड़ोस के एक मकान मालिक ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। खैर के सीओ वरुण कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आवारा कुत्तों के झुंड ने महिला को नोच-नोच कर मार डाला



**कुशीनगर, एजेंसी।**
देश की राजनीति में अवारा कुत्ते इस वक्त एक अहम मुद्दा बने हुए हैं। वहीं आवारा कुत्तों के आतंक ने एक दर्दनाक घटना को अंजाम दिया है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक 30 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को नोच-नोच कर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार रात हाटा थाना क्षेत्र के अर्जुन डुमरी गाँव में हुई। हाटा के एसएचओ रामसहाय चौहान ने बताया कि उन्हें शाम करीब 7 बजे सूचना मिली कि माधुरी का शव ग्राम पंचायत भवन के पास एक धान के खेत में पड़ा है और आवारा कुत्ते उस पर हमला कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात हाटा थाना क्षेत्र के गांव अर्जुन डुमरी में हुई। हाटा के थाना प्रभारी रामसहाय चौहान ने बताया कि शाम करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली कि माधुरी (30) नामक एक महिला का शव ग्राम पंचायत भवन के पास धान के खेत में पड़ा है और आवारा कुत्ते उसे नोच रहे हैं।

पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, कुत्तों को भगाया और शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और संभवत : मंगलवार को किसी कारणवश पंचायत भवन के पीछे गई होगी, जहां उसकी मौत हो गई। बाद में कुत्ते शव को नोचते देखे गए। ग्रामीणों ने बताया कि महिला अक्सर गांव में घूमती रहती थी, लेकिन सोमवार को वह लापता हो गई। उसके परिवार ने उसे काफी तलाशा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उसका शव धान के खेत में मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवारा कुत्ते इलाके में खतरा बने हुए हैं और ग्रामीणों ने एक साल पहले एक गाय और एक बकरी पर कुत्तों द्वारा किए गए हमलों की घटनाओं का हवाला दिया। कस्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कुंदन सिंह ने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा। हाटा के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) योगेश्वर सिंह ने बताया कि प्रशासन को आवारा कुत्तों के कारण हुई कथित मौत के बारे में सूचित कर दिया गया।

# 2 घंटे तक फेंकते रहे पत्थर, 5 थानों की पुलिस बुलानी पड़ी, नूंह हिंसा की पूरी कहानी

**नूंह , एजेंसी। फिरोजपुर**
झिरका के गांव मुड़ाका में गाड़ी हटाने को लेकर हुई हिंसक घटना में करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों तरफ से पथराव होता रहा। इस दौरान नूंह-अलवर नेशनल हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। साथ ही इस हिंसक झड़प से हरियाणा और राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र मे तनाव का माहौल है। स्वतंत्रता दिवस से पहले इस तरह के तनाव में पुलिस के साथ मौजिज व्यक्ति भी सभी से शांति की अपील कर रहे हैं।



सिर पर चोट लगने के बाद समय सिंह ने अपने भाई को बुलाया, उम्मीद थी कि वह आकर स्थिति को शांत करेगा। लेकिन मौके पर पहुंचते ही झगड़ा और बढ़ गया। आरोप है कि इसरा ने समय के भाई पर भी फावड़े से हमला कर दिया,जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। यह खबर गांव में तेजी से फैल गई और थोड़ी ही देर में सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जुट गए। गुस्से से भरी भीड़ में माहौल और भड़कने लगा। दोनों ओर के लोग एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान न केवल परिवार के सदस्य बल्कि गांव के अन्य लोग भी इसमें शामिल हो गए,जिससे तनाव और बढ़ गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि गांव मुंडाका बॉर्डर पर मंगलवार को गाड़ी खड़ी करने को लेकर झगड़ा हो गया। इस घटना में चार लोगों के चोट लगी थी,जिनको प्राथमिक चिकित्सा दिला दी गई है। सूचना मिलते ही तुरंत थाने की पुलिस पुलिस और प्रभारी मौके पर पहुंचे। नूंह पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए स्थिति को पूर्ण रूप से काबू किया। घायल होने वालों में चुन्नीलाल,गोपाल,लेखराज,वीर सिंह,फूलचंद,हंसराज,खुर्शीद,फरहान और शाहबाज शामिल हैं। मामूली कहासुनी दो राज्यों के दो गांवों की लड़ाई में तब्दील हो गई। राजस्थान के हाजीपुर गांव और हरियाणा के मुंडका गांव के युवकों में कहासुनी हुई। हाजीपुर राजस्थान में आता है और मुंडका गांव हरियाणा में आता है। इसरा हाजीपुर गांव का युवक है और समय सिंह मुंडका गांव का निवासी है। दोनों गांव राजस्थान और हरियाणा की सीमा के आखिरी गांव है। इन गांवों का अड्डा मुंडका लगता है। जहां दोनों गांव के लोग खरीददारी के लिए आते हैं। करीब डेढ़ घंटे तक पथराव और आगजनी का सिलसिला चलता रहा। शुरू में स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने आसपास के पांच थानों की पुलिस को बुलाया, जिनमें राजस्थान बॉर्डर के थाने की टीम भी शामिल थी। भारी पुलिस बल ने दोनों पक्षों को अलग किया और घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया। तनाव इस हद तक बढ़ गया कि गुस्साई भीड़ इसरा के घर में घुस गई और वहां खड़ी उसकी बाइक को बाहर निकालकर सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद उसे पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई, जिससे बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। जवाब में इसरा के पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष की कुछ दुकानों में आग लगा दी। दुकानों में रखे सामान और ढांचे को भारी नुकसान हुआ, जिसकी कीमत हजारों रुपये आंकी जा रही है।

## हर घर तिरंगा यात्रा के परिपेक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली गयी

**✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के पीयूष चौहान मंडल अध्यक्ष हल्दौर की देखरेख में नगर पालिका चौराहा हल्दौर पर एकत्रित होकर हाथों में तिरंगा झंडा लेकर एक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। टाटमोरा चौराहा, जामा मस्जिद चौराहा, बाजार हरबंसगंज, मेन बाजार होते हुए शहीद स्मारक पहुंचकर तिरंगा यात्रा संपन्न की गई। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा देशभक्ति के गीत बजाकर एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में शांतिपूर्ण तरंग यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया द्वारा भाग लिया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस भाईचारे उल्लास के साथ मनाए जाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपक सैनी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पति, चरण सिंह सैनी, दर्पण रावल पूर्व मंडल अध्यक्ष हल्दौर, पीयूष रश्तोगी, धर्मपाल सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी, एल0के0जी0, यू0के0जी के छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य आर्कषण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया ग्रुप डांस, एकांकी, नाटकमंचन इत्यादि रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने राधा कृष्ण बनकर सुंदर नृत्य प्रश्तुत किये एवं उनके सवांद बोले। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तब्बसुम ज़ैदी एवं शिक्षिका मोनिका शर्मा, आरती गौड़, निशात मिर्जा, विनसी चौधरी, अंजली रानी, रंदीप बग्गा, प्रीति चौधरी, उज़्मा परवीन, नेहा वर्मा, विनीता, मुस्कान अग्रवाल, समीक्षा त्यागी, वर्षा चौहान, पूनम मेहरोत्रा, खुशबु चौधरी, अंजली त्यागी, अर्चना शर्मा, शाहीन परवीन, शिवानी गुप्ता, वैशाली चौधरी, नीमिषा चौधरी, सोहित कुमार, हर्ष कुमार एवं संगीत शिक्षक सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमैटी ने वोट चोरी से के सबूत को प्रोजेक्टर पर दिखाया

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷।** वोट चौरी से संबंधित जो सबूत नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गाँधी जी द्वारा प्रेस कोंफ्रेस के जरिये दिए थे ।उनकी बात को ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा जन जन तक पहुँचाने के लिए प्रोजक्टर पर दिखाया और एक विचार गोष्टी का आयोजन नगीना मे किया गया। जिसमे मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह उपस्थित रही ।जिसकी अध्यक्षता अब्दुल वाहिद अंसारी (नगर अध्यक्ष नगीना) ने की तथा संचालन जावेद अंसारी (ज़िला उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी) ने किया।। श्री आर के सिंह (rtd.IAS) जी ने राहुल गाँधी जी द्वारा वोटर लिस्ट मे हुई गड़बड़ी को प्रोजक्टर पर विश्तार से समझाया । वोट चोरी के खिलाफ एक बड़े आंदोलन को खड़ा करने आवाहन किया। इस दौरान उपस्थित हैनरीता राजीव सिंह (जिलाध्यक्ष) आर के सिंह (rtd.IAS) जावेद अंसारी (संगठन प्रभारी) अब्दुल वाहिद अंसारी (नगर अध्यक्ष) शेख अंज़ार, ठाकुर आदित्य, ज़फ़र मलिक, मिसबबुल हसन, क़ाज़ी अरशद मसूद, मो अकबर, मो सलीम अकबर एड., प्रदीप ठाकुर, हाजी एहसन अंसारी, मास्टर अली हसन, इरफ़ान सिद्दीकी, नौशाद आलम, क़ाज़ी आतिफ अली, अनिल त्यागी, ज़ुल्फिकार अंसारी, मनोज शर्मा, नदीम मलिक व कांग्रेस के कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷।** सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों की संख्या का रिजिस्टर, दवाइयों की स्थिति, एक्सरे अल्ट्रासाउंड की मशीनें टीकाकरण सहित ब्लड टेस्ट लेब आदि का व्यवस्था ठीक मिलने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक प्रभारी तथा स्टाफ़ की प्रशंसा की।बुधवार को सीएमओ कौशलेंद्र ने एसीएमओ कृष्ण कांत राहुल सहित अपनी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर औचक निरीक्षण कर सीधे सीएचसी प्रभारी के कार्यालय पहुंचकर वहां मौजूद मरीजों की संख्याओं का रिजिस्टर में एंट्री देखकर महिला डॉक्टर, वार्ड वेक्सिनेशन केंद्र एक्सरे अल्ट्रासाउंड मशीनें टीकाकरण केंद्र सहित ब्लड टेस्ट लेब आदि का निरीक्षण किया निरीक्षण में व्सवस्था ठीक मिलने पर सीएचसी केंद्र प्रभारी व मौजूद स्टाफ़ को ड्रेस कोड में मिलने पर उनकी प्रशंसा की उधर पूर्व में रहे डॉ जुबेर से उसके कमरे को खाली करने के आदेश दिए कमरा खाली न करने पर सैलरी रोके जाने के सीधे आदेश दिए इस मौके पर सीएचसी चिकित्सक प्रभारी डॉ ई एन कुमार, डॉ आशीष अल्हावत, अमित खेड़ा, चीफ़ साहब, अभय कुमार, अरुण कुमार, संदीप कुमार, आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## झालू मंडल उपाध्यक्ष राजू उपाध्याय के संयोजन में निकाली तिरंगा यात्रा

**✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷।** गणतंत्र के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत गंज में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया,। जिसका शुभारंभ डीजे के साथ हुआ। इस तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के संयोजक मंडल उपाध्यक्ष भाजपा राजू उपाध्याय थे। जिनके नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि और उपस्थित व्यक्ति**

मुख्य अतिथिः ललित चौधरी
जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चाः रॉबिन चौधरी
मंडल अध्यक्षः चिंकी गुप्ता, एडवोकेट शिवम अग्रवाल
मंडल महामंत्रीः सोनू गुर्जर
मंडल उपाध्यक्षः मोनू चौधरी, अनुज चौधरी, हर्ष चौधरी
अन्य गणमान्य व्यक्तिः पंडित दुर्गेश गॉड, दीपक सैनी, आशु सैनी, विक्की जोशी, देवेश्वर धीमान, निखिल जोशी, वासु अग्रवाल, अंकित उपाध्याय, अजय दिवाकर रहे।

**तिरंगा यात्रा का महत्व**

तिरंगा यात्रा का आयोजन गणतंत्र के उत्सव के रूप में किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत गंज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है और लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देती है।

# गैस सिलेंडर काटने के दौरान रिसाव, कई अस्पताल में भर्ती

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**







कबाड़ के गोदाम में गैस सिलेंडर काटने के दौरान रिसाव होने से सात लोगों की हालत बिगड़ गई। सिलेंडर से निकली गैस के कारण वहां मौजूद कामगार और आस-पास के गोदामों में मौजूद लोग रिसाव की चपेट में आए हैं। सूचना पर पहुंची दमकल और पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

गैस रिसाव के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों की आंखों में जलन होने लगी। कई लोगों का दम घुटने लगा। अचानक हुई इस घटना से लोगों में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि गैस के प्रभाव से लोग गिरने लगे। बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत बिगड़ गई। गंभीर रूप से पीड़ित 13 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने गोदाम संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

नंदग्राम थाना क्षेत्र में बुधवार को सिलेंडर से लीक हुई जहरीली गैस के कारण कई लोगों की हालत बिगड़ गई। इस घटना में 12 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस उपायुक्त पूनम मिश्रा ने बताया कि नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित हिंडन विहार कॉलोनी में व्यवसायी हाजी सलीम मलिक की ओर से कबाड़ में खरीदे गए पुराने कॉमर्शियल सिलेंडर से सुबह अचानक जहरीली गैस लीक होने लगी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि देखते ही देखते यह जहरीली गैस घनी आबादी वाले इलाके में फैल गयी। लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। उनमें से 12 से ज्यादा लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में कबाड़ व्यवसायी सलीम मलिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बताया जाता है कि हिंडन विहार में हाजी सलीम का कबाड़ का गोदाम है। गोदाम में मजदूर स्क्रैप की कटिंग का काम करते हैं। सुबह करीब आठ बजे स्क्रैप का एक पुराना सिलेंडर काटते समय उसमें से कोई जहरीली गैस का रिसाव हो गया।

गैस लीक होती देखी गोदाम में मौजूद लोग तो भाग गए लेकिन आसपास के इलाके लोग इसकी चपेट में आ गए। लोगों को आंखों में जलन होने लगी और दम घुटने लगा। स्थानीय निवासियों की मानें तो कुछ लोग बेहोश होकर गिरने भी लगे।

करीब डेढ़ दर्जन घरों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस घटना में 50 से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई। 12 लोगों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा।

कुछ का कहना है कि उन्होंने दूसरे इलाके में भागकर और आंखों में पानी डालकर अपना बचाव किया।

सूचना मिलने पर दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और गैस रिसाव बंद करने की कोशिश की। आसपास के घरों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर भी ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सुजीव चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों से अधिक किसान बिजनौर रवाना

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷**

सयुंक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के



जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार की अगुवाई में तीन दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों में सैकड़ों किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर जिला मुख्यालय पर निकलने वाली तिरंगा यात्रा के लिए रवाना हुए।

जिन्हें जिला सचिव जगत सिंह डबास व जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित तिरंगा यात्रा एवं अपनी विभिन्न मांगो को मनवाने के लिए सैकड़ों से अधिक किसान करीब 40 ट्रैक्टरों में सवार होकर दल बल ओर डीजे बिजनौर के लिए के साथ रवाना हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार किसानो की अनदेखी कर रही है। किसान को अपनी फसल का वाजिब दाम नही मिल रहा है। इसीलिए आज किसानो को जिला मुख्यालय का घेराव करना पड रहा है।

जिला मुख्यालय जाने वालों में अशोक कुमार, हेमेन्दर राठी, नीशू त्यागी, शिवनाथ सिंह, अरुन कुमार, आलोक कुमार, विकुल कुमार, भोले, अमित कुमार, रोहित, आदेश, शीशपाल सिंह, घनश्याम सिंह, बृजपाल सिंह, सुन्दर सिंह, काले, नरेंद्र सिंह, सोनू कुमार, सतपाल सिंह, संजीव पवार, मदन सैनी, रिंकू, सुमित, डेजी देशवाल, कुलमणी सिंह, जसवंत सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नोबहार सिंह आदि किसान शामिल रहे।

# जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक सी.डी.ओ. कार्यालय में आयोजित



**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

दोपहर 12:30 बजे जिलाधिकारी श्रीमति जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला शतरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जिसमें प्रतिनिधि जिला सूचना कार्यालय मुसर्रत अली, जिला शतरीय पत्रकार स्थाई समिति के सदस्य जुबेर खान, नरेंद्र कुमार मारवाड़ी सहित अन्य सदस्य गण मौजूद थे।

मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में श्री मुसर्रत अली ने जिला शतरीय पत्रकार स्थाई समिति के गठन एवं उद्देश्य के सम्बंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई।

सूर्यमणी रघुवंशी तथा समिति के सभी पत्रकार सदस्य गणों द्वारा बिजनौर में प्रेस क्लब की स्थापना की मांग की गई। समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन दरों को मुख्यालय से लगभग 150 किमी दूर सूचना निदेशालय से नामित जिला सूचना अधिकारी, सम्भल जोकि वर्तमान में जिला सूचना कार्यालय, बिजनौर के आहरण एवं वितरण अधिकारी हैं, द्वारा माह में केवल दो बार प्रमाणित कराया जाता है। उनके स्थान पर जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी ने डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर से कराने की मांग की गई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आश्वशत किया गया कि उक्त संबंध में जिलाधिकारी से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

श्री सूर्यमणी रघुवंशी एवं भानु प्रकाश वर्मा द्वारा अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया कि पुलिस द्वारा थाने में पत्रकार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने से पूर्व, उसके खिलाफ की गई शिकायत की जांच की जाए। बिना जांच के पत्रकारों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न की जाए।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री भानु प्रकाश वर्मा द्वारा मांग की गई कि पत्रकारों एवं समाचार पत्रों का परिवहन करने वाले वाहनों को टौल टैक्स मुक्त किया जाए। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा आश्वशत किया गया कि जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एनएचआई अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर उक्त समस्या के समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने बैठक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में पांच बिन्दुओं पर आधारित मांग पत्र प्रश्तुत किया,। जिसपर अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि उक्त मांगों के संबंध में विचार विमर्श कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। बैठक सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्मानित सदस्यों का बैठक में उपस्थित होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शेयर में मुनाफे और घर बेठै कमाई का झांसा देकर दो से 78 लाख ठगे

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**



साइबर अपराधियों ने एक महिला और एक कारोबारी से 78.14 लाख रुपये की ठगी की है। राजनगर निवासी कारोबारी को शेयर में निवेश पर मोटी कमाई का झांसा देकर 62.31 लाख रुपये की ठगी की जबकि लाजपतनगर निवासी महिला को घर बैठे कमाई का लालच देकर 15.83 लाख रुपये ठग लिए। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

राजनगर निवासी कारोबारी सहज गुप्ता ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनकी दो जुलाई को तान्या शर्मा से फेसबुक पर दोश्ती हुई थी। युवती ने उन्हें फ्यूचर्स एंड आप्शंस में निवेश पर अच्छी कमाई का झांसा दिया। उन्हें सीएमसी मार्केट नामक एप डाउनलोड कराकर निवेश कराया गया।

शुरुआत में उन्होंने 22 हजार रुपये निवेश किए और साढ़े आठ हजार रुपये निकाले। धनराशि निकलने पर उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद साइबर ठगों ने एक वेबसाइट पर फंड जमा करने पर अधिक मुनाफे का लालच दिया।

उन्होंने आठ जुलाई से माह के अंत तक 62.31 लाख रुपये निवेश किए। जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो उनसे अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई। पीड़ित को आशंका हुई तो उन्होंने सीएमसी ग्लोबल में संपर्क किया। जहां उन्हें साइबर ठगी का पीड़ित होने की जानकारी दी गई। लाजपत नगर निवासी भावना से साइबर अपराधियों ने घर बैठे कमाई का झांसा देकर ठग लिया। उन्होंने 29 जुलाई को प्रीपेड टास्क में निवेश करना शुरू किया। खाते में उन्हें 30 से 40 प्रतिशत का मुनाफा भी दर्शाया गया। पीड़िता ने दो अगश्त तक 15.83 लाख रुपये टेलीग्राम टास्क के जरिए निवेश किए। पीड़िता ने जब अपने खाते से धनराशि निकालने का प्रयास किया तो नाकाम रही। परेशान होकर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

गोविंदपुरम स्थित इंद्रा एंक्लेव निवासी विवेक राणा के साथ साइबर ठगों ने ओएलएक्स के माध्यम से 83 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने ओएलएक्स पर कुछ सामान ऑनलाइन खरीदा और ठग के बताए खाते में धनराशि ट्रांसफर कर दी। जिसके बाद ठग ने मोबाइल नंबर बंद कर लिया और सामान की आपूर्ति भी नहीं की।

उन्होंने ऑनलाइन शिकायत की तो उनका भी बैंक खाता फ्रीज हो गया। परेशान होकर उन्होंने कविनगर थाने में केस दर्ज कराते हुए रुपये वापस दिलाने और अपना खाता चालू कराने की मांग की है।

# दोस्त ने दोस्त की ली जान आरोपी गिरफ्तार

### नींद की गोली खिलाकर जंगल में ले गया, चाकू से वार कर हत्या की

**✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷**

रक्षाबंधन के दिन हुई एक युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक की पहचान गांव चक निवासी 22 वर्षीय विश्वास के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के दोशत प्रशांत को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि विश्वास ने प्रशांत का मोबाइल फोन ले लिया था। इसमें से प्रशांत और उसकी प्रेमिका के निजी फोटो अपने फोन में सेव कर लिए थे। विश्वास इन फोटो के आधार पर प्रशांत को ब्लैकमेल करता था। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रशांत और उसके परिवार के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां करता था।

9 अगश्त को प्रशांत ने विश्वास को एक लड़की से मिलवाने का झांसा दिया। उसने अपनी स्कॉर्पियो में पहले से रखी नींद की गोलियां रसगुल्ले में मिलाकर विश्वास को खिला दी। फिर उसे काशीपुर, ठाकुरद्वारा ,सुरजन नगर और भूतपुरी में घुमाता रहा। नींद की गोलियों का असर होने पर विश्वास को महसनपुर - सुआवाला मार्ग स्थित जंगल में ले गया।

वहां चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर जंगल से हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सनी कमीज और मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है। स्कॉर्पियो की जांच में ड्राइवर की सीट के पास खून के धब्बे मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के साथ आयुध अधिनियम की धारा 4/25 भी लगाई है।

## नगर में निकली गई तिरंगा यात्रा



**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷**

प्रदेश आह्वान पर भाजपा नहटौर मण्डल के तत्वावधान में नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बारिश के दौरान भी पूरे जोश के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा विभिन्न स्थानो से निकाली गई। तिरंगा यात्रा के माध्यम देश भक्ति का संदेश दिया गया और लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया।

तिरंगा यात्रा ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने सब्जी मंडी पुरानी पुलिस चौकी के पास से तिरंगा यात्रा को झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। यात्रा यहां से शुरू होकर मुख्य बाजार, पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जोखा सिंह, धर्मशाला से होती हुई चांदपुर चुंगी पर जाकर सम्पन्न हुई।

बारिश के बीच भी कार्यकर्ताओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में डीजे की थाप पर थिरकते हुए चल रहे थे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय महापुरषो के महत्व पर प्रकाश डालना है साथ ही केंद्र सरकार की देश की आजादी के 70 वर्ष बाद केंद्र सरकार की 70 जनकल्याण योजनाओ को बताना है। जिससे पार्टी की निति घर घर तक पहुच सकें।

तिरंगा यात्रा में प्रभारी अनिल चौहान, विनीता शर्मा, शोभित कुमार त्यागी, एडवोकेट अर्पित कुमार गुप्ता, अभिव जैन, देवराज चौधरी, कपिल शर्मा, राजीव अहलावत, शिवम त्यागी, ज्येष्टवीर जोजो, अन्नी त्यागी, कुलवीर चौधरी, हर्षित चौधरी, रणजीत जोशी, शुभम चौधरी, डॉ अंकुर जैन, ऋषभ जैन, सभासद मुकेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल, पवन शर्मा, भीम सैनी, अनुज धीमान, कासिम अहमद, दीपक आर्य, ट्वींकल डबास,नरेंद्र चेनवाल, तेजपाल सैनी, करन सिंह सैनी आदि दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

## गन्ना समिति चैयरमैन (सभापति) ने देखी बाढ़ क्षेत्र फसलों की स्थिति

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷**

गन्ना समिति के सभापति रामवीर सिंह उर्फ मोहन सिंह के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने बाढ़ के उपरांत



गन्ना फसल का स्थलीय निरीक्षण किया। फसल में रोग ओर कीट के आपतन की स्थिति का आकलन कर उनके प्रभावी नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी दी।

गन्ना समिति धामपुर के अध्यक्ष मोहन सिंह उर्फ़ रामवीर सिंह, सचिव विनोद कुमार सिंह सचिव, मनोज कुमार, चौहान वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक धामपुर आदि ने नहटौर के ग्राम अलीनगर पालनी, पाडली मांडू, उमरी, पहाड़पुर चतर, शाह नजरपुर कोट, अखेड़ा, मोरना आदि ग्रामों का भ्रमण कर उपस्थित कृषकों से वार्ता की।

बाढ़ क्षेत्र में विशेष सावधानी बरतने को कहा एवं उचित जल निकास के लिए बताया और खेतों में थायोफेनेट मिथाल एवं जल विलय उर्वरक का छिड़काव करने का सुझाव दिया गया।

इस अवसर पर संचालक राजपाल सिंह, मुकेश कुमार, रतेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, तेजपाल सिंह, नरदेव सिंह, देवता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, जयपाल सिंह मोरना, सुरेंद्र सिंह, जगत सिंह किसान यूनियन पाडली, विशाल डबास आदि किसान उपस्थित रहे।

# GGIC में ताल से ताल मिला डांस प्रतियोगिता आयोजित

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷**




राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में ताल से ताल मिला डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने प्रतिभाग लिया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 'ताल से ताल मिला' डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रधानाचार्या बबीता रानी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मीनू सिसौदिया (राजपूत सभा जिलाध्यक्ष), ऐश्वर्या चौधरी (हिन्दू रक्षा सैनी जिलाध्यक्ष), नृत्य मित्र महबूब शेख, रोमियो मयूर, डॉ किश्वर तथा पुलिस प्रशासन की ओर से उपनिरीक्षक नीता उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। जूनियर वर्ग में कौशल तथा सीनियर वर्ग में कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता को और रोचक बनाने के लिए दोनों वर्ग की विजेता छात्राओं के बीच डबल मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमें कौशल ने अपना शानदार तांडव नृत्य प्रश्तुत कर बेस्ट डांसर अवार्ड अपने नाम किया। मुख्य अतिथि डॉ किश्वर ने छात्राओं को प्रेरणादायक संबोधन दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ रीना,डोली रानी, संध्या शर्मा, रुकय्या परवीन, शालिनी परवीन, इकरा रहमान, रूमाना, शिवानी, भोपाल सिंह, सुब्हान, तिलक राज आदि उपस्थित रहे।

## अनुज चौधरी वह मोहम्मद ज़ैद का जोरदार स्वागत

**एनसीआर टुडे. बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल युवा की समीक्षा बैठक का जिला कार्यालय पर आयोजन किया गया जिसमें रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष एड अनुज चौधरी एवं उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव हेतु गठित कमेटी के सदस्य नगर पालिका परिषद नहटौर चेयरपर्सन पति मोहम्मद जैद का ज़ोर दार स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल आज उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार में शामिल है।

दोनों ही सरकारों में देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। आम जनता सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं जिससे आम लोगों को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। मोहम्मद जैद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वह उसका निर्वहन पूरी मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ करेंगे। उन्होंने युवा राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं से कहा कि युवा देश का भविष्य होते हैं और राष्ट्रीय लोक दल एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें सबसे ज्यादा युवा कार्यकर्ता है, जो पूरे जोश के साथ पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव के लिए पूरी लगन और ईमानदारी से मेहनत करने का आह्वान किया। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि युवा कार्यकर्ता पूरी लगन और ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए समर्पित हैं।

## संपादकीय

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर ज़ोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किये जिससे यह साफ़तौर पर साबित होता है कि देश में बड़े श्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगश्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गयी तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फ़ॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फ़र्ज़ी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को 'वोट चोरी' के ख़िलाफ़ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीक़े से हमला कर रही है, और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत को कमज़ोर कर रहा है।

चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाये इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी? क्या ऐसा इसलिये नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिये संभव नहीं? चुनाव आयोग द्वारा 'वोट चोरी ' से सम्बंधित धांधलियों से चूँकि फ़ायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिये भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाये राहुल गाँधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है।

परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस 'भ्रष्ट तंत्र ' के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही 'अंधाधुंध वोट चोरी' के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाक़ों का दौरा किया। ग़ौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगश्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1, 00, 250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फ़र्ज़ी पते, और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फ़र्ज़ी वोटरों के होने का दावा किया था। उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे।

परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ 'गोदी मीडिया' भी क़दम ताल कर रहा है। इसका कारण किसी विपक्षी नेता या गोदी मीडिया के आलोचकों ने नहीं बल्कि स्वयं गोदी मीडिया के ही एक अहम पत्रकार सुमित अवस्थी ने अपने एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में यह बता ही दिया कि भारतीय मीडिया को 'गोदी मीडिया' क्यों कहा जाता है। सुमित अवस्थी ने बताया कि भारतीय मीडिया को 'गोदी मीडिया' इसलिए कहा जाता है क्योंकि 'न्यूज़ चैनल और मीडिया संस्थान अपनी आय के लिए सरकार से मिलने वाले विज्ञापनों पर बहुत हद तक निर्भर हैं'। उन्होंने कहा कि 'टीवी चैनलों की आय का 70-80% हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के ख़िलाफ़ खुलकर बोलने में हिचकता है'।

अवस्थी के अनुसार, 'यह आर्थिक निर्भरता मीडिया को मजबूरी में 'गोदी मीडिया' बनाती है, क्योंकि सवाल उठाने की आज़ादी सीमित हो जाती है। अवस्थी ने ही यह भी स्वीकार किया कि सत्ताधारी दल विज्ञापनों के माध्यम से चैनल मालिकों पर दबाव बनाते हैं, जिससे पत्रकारिता की निष्पक्षता प्रभावित होती है।' तो सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था?

दरअसल 'गोदी मीडिया ' की सच्चाई इससे भी ज़्यादा ख़तरनाक है। सत्ता की डफ़ली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे उन बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं जिनके हितों में सत्ता दिन रात काम किया करती है और उनके हितों को संरक्षण देती है।

अन्यथा जो मीडिया कभी 90/100 साल के बुज़ुर्ग को किसी के कंधे पर बैठ कर वोट डालते दिखाया करता था, या किसी अपाहिज व्यक्ति को लाइन में लगा दिखाता था, उसे यही नहीं पता चल सका की भारत के बिहार के सीवान, भागलपुर और गोपालगंज में कथित तौर पर 124, 120 और 119 वर्ष की 'महिला वोटरों' ने भी 'मतदान' कर लोकतंत्र में अपनी 'अहम भूमिका' निभाई है? और इसी 124 वर्षीय कथित मतदाता मिन्ता देवी के नाम की टी शर्ट संसद में पहन कर विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयोग का वोटर लिस्ट के नाम पर हो रहा 'तमाशा' उजागर किया। सच पूछिये तो लोकतंत्र की लूट में मीडिया की इस बेशर्म भूमिका को देश कभी मुआफ़ नहीं करेगा।

# अविश्वास और आरोपों के बम- ख़तरनाक मोड़ पर राजनीति

डॉ. घनश्याम बादल

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं, वे काफी सनसनीखेज हैं। इन आरोपों के माध्यम से राहुल गांधी ने अपना तथा कथित 'एटमबम' फोड़ा है जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि इस बम के फटते ही चुनाव आयोग उड़ जाएगा।

2024 के लोकसभा के चुनावों से ही राहुल गांधी काफी 'लाउड पॉलिटिक्स' कर रहे हैं। वे लगातार भाजपा मोदी एवं चुनाव आयोग तथा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। एक तरह से उन्होंने आरोपों की झड़ी लगा रखी है और चुनाव आयोग तथा सरकार के प्रति जनता में वे एक अविश्वास की भावना पैदा करने में लगे हुए हैं।

विपक्षी नेता होने के नाते यह बहुत स्वाभाविक है और यह भी सच है कि सत्ता पक्ष के नेता भी राहुल गांधी को उकसाने, कोसने व खिझाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उनके जाल में फंस राहुल गांधी अति उत्साह में भी कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं कि हंसी के पात्र बन जाते हैं।

54 साल के राहुल की ऐसी बड़बोलेपन की टिप्पणियां उन्हें मीडिया में उपहास का पात्र भी बनवा देती हैं। इसके कई उदाहरण पिछले समय में देखने को मिले हैं जैसे लोकसभा में अपने भाषण के तुरंत बाद अपने ही एक साथी की तरफ देखकर अति उत्साह में संसद में आंख मारना, मैं संसद में बोलूंगा तो मोदी टिक नहीं पाएंगे, चौकीदार चोर है, नरेंद्र सरेंडर और ऐसे ही दूसरे वक्तव्यों से राहुल गांधी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है लेकिन इस बार जब बिहार में सरकार ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) का बीड़ा उठाया, तब राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने इस पर यह कहते हुए एतराज़ किया कि यह सब वोटों की चोरी के लिए किया जा रहा है।

उनका आरोप है कि ऐसा इंडिया के समर्थक वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाने एवं एनडीए समर्थकों को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए यह सब ड्रामा किया जा रहा है जबकि इतिहास बताता है कि चुनावों से पूर्व इस प्रकार की प्रक्रिया पहले भी होती रही है।

राहुल और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर बिहार की मतदाता सूची में न केवल कटने जा रहे 65 लाख मतदाताओं की और इशारा करते हुए इस पर आपत्ति कर रहे हैं अपितु वोटर लिस्ट की अंतिम कमियां भी गिना रहे हैं। यहां एक बड़ा प्रश्न उठता है कि एक ओर आप महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा आदि राज्यों में वोटर लिस्ट की कमियों को वोटो की चोरी बताते हैं तो वहीं बिहार में जब मतदाता सूचियों में सुधार की बात आती है, तब आप उसका विरोध करते हैं।

राहुल लगातार ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं और सरकार पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मध्यप्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा हरियाणा में आशा के विपरीत परिणाम आए तो वह और भी मुखर होकर बोले। उनके अनुसार कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के चुनावों पर छह महीने उनकी टीम ने कार्य किया और पाया कि अचानक ही वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जोड़ दिए गए हैं।

इतना ही नहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डुप्लीकेट वोटर, गलत पते वाले वोटर एवं बहुत छोटे फोटो वाले वोटर्स के साथ-साथ एक ही छोटे से घर में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वोटर होने का प्रमाण देने वाली वोटर लिस्ट दिखाई।

उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी बताया कि किस तरह फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करते हुए उसमें 70 वर्षीय मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ने का खेल खेला गया जबकि इस फार्म के माध्यम से केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं जो आने वाले चुनाव के समय ही 18 वर्ष की आयु के हुए हैं, यानी इस बार राहुल जो बात कर कर रहे हैं, प्रमाण के साथ कर रहे हैं।



यदि राहुल गांधी पर विश्वास करें तो लगता है कि वोटर लिस्ट में कमियां हैं और एक ही व्यक्ति के नाम अनेक जगहों पर भी अक्सर पाए जाते रहे हैं यानी माना जा सकता है कि इस विषय में उनके प्रमाण काफी पुख्ता हैं लेकिन वे जिस तरह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं वह बहुत ख़तरनाक है और यदि जैसा कि राहुल कहते हैं।

न्यायालय एवं चुनाव आयोग तथा सरकार एवं उनकी एजेंसियां मिलकर लोकतंत्र को चुरा रहे हैं तो फिर यह और भी चिंताजनक बात है तथा भारत में सच्चे लोकतंत्र की उपस्थिति पर गहरा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। लेकिन उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें एफिडेविट देकर प्रक्रिया के अनुसार अपनी बात रखने को कहा तो राहुल इसके लिए तैयार नहीं होते।

अब क्या सही है और क्या ग़लत, यह मीडिया में तो तय नहीं हो सकता बल्कि इसके लिए तो संविधान सम्मत तरीके से ही फैसला हो पाएगा लेकिन राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव अखिलेश यादव और कांग्रेस व विपक्ष के दूसरे दलों के नेता यह कहकर चुनाव आयोग की एक तरह से खिल्ली उड़ा रहे हैं कि ग़लती चुनाव आयोग की है तो फिर वह शपथ पत्र क्यों दें। यदि आप सही हैं तो फिर आगे बढ़िए और अपनी बात को सिद्ध कीजिए। इसमें डरना क्या और यदि आप यह सिद्ध कर पाए तो आपकी यह बहुत बड़ी सफलता होगी

दूसरी तरफ सत्ताधारी दल राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं चुनाव आयोग को दी गई चुनौती को राहुल गांधी पर बिहार में हार सामने खड़ी देखकर बहाने ढूंढने का तंज कस रहे हैं तो राहुल गांधी चुनाव आयोग से पांच सवाल पूछ कर पलटवार कर रहे हैं। राहुल का एक यह सवाल भी वाजिब है कि यदि चुनाव आयोग सही है तो फिर उसने वेबसाइट से हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के आंकड़े क्यों हटा लिए हैं और वह केवल 45 दिन में ही सीसीटीवी की फुटेज क्यों नष्ट कर देने पर अड़ा हुआ है।

इधर चुनाव आयोग का भी कहना है कि इतने विशाल आंकड़े का विश्लेषण करना बहुत दुष्कर कार्य है और चुनाव आयोग के अनुसार इसमें यदि वह जी जान से भी जुटे तो 273 वर्ष का समय लग सकता है जबकि राहुल गांधी का कहना है कि यदि वोटर लिस्ट उपलब्ध करा दी जाए तो यह पांच सात दिन का ही कार्य होगा. अब इसमें समय लगे या ना लगे लेकिन यदि ऐसी लिस्ट मांगी जाती है तो इसे उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का दायित्व है।

अब प्रमाणिक तौर पर यह कहना कि कौन कितना सही है, बहुत मुश्किल कार्य है। क्या राहुल गांधी के प्रमाण पुख्ता हैं? या चुनाव आयोग का जवाब सही है अथवा सत्ताधारी दल सही है? इस पर देश को मंथन करने की ज़रूरत है। यदि सचमुच पिछले कुछ चुनावों में ई वी एम में तथाकथित खेला हुआ है या वोट चोरी जैसी बातें हुई है तो फिर यह बहुत ही ख़तरनाक और चिंताजनक है लेकिन यदि राहुल केवल सत्ता और राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए आरोप लगा रहे हैं तो इससे लोकतांत्रिक भारत की छवि और संविधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता एवं उनकी छवि पर आघात करने का खेल उससे भी ज़्यादा ख़तरनाक है।

अब इन आरोपों प्रत्यारोपों का सच क्या है, इसके लिए निष्पक्ष एवं तीव्रगामी जांच का होना ज़रूरी है। साथ ही साथ राजनीतिक सत्ता का खेल, विपक्ष के आरोपों का तमाशा इन सबके लिए भी एक उत्तरदायित्व तय करने वाली प्रणाली का विकास बहुत जरूरी हो गया है।

आज जिस तरह मीडिया ट्रायल करके छवि निर्माण या ध्वशत करने का खेल हो रहा है, उस पर लगाम कसने की आवश्यकता है अन्यथा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र माने जाने वाला भारत दुनिया भर में हंसी का पात्र बन जाएगा। अब एक ही तरीका है कि चुनाव प्रणाली को एकदम इतना सटीक बनाया जाए कि उसमें किसी तरह के घाल मेल की गुंजाइश न रहे और साथ ही साथ निराधार आरोप लगाने वह विश्वास पैदा करने तथा देश की छवि खराब करने के अपराध के लिए भी कड़ी सजा का प्रावधान किया जाए।

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

ललित गर्ग


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं।

हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दर्शाता है।

क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है।

भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं।

आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सश्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है-सरकार, नीति-निर्माताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत श्तंभ हैं।



लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन-इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है।

निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है।

इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है।

इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। इन विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक स्थितियों के बीच मोहन भागवत का यह संदेश न केवल आर्थिक सुधार का आह्वान है, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का भी।

शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार से मुक्त करना सिर्फ भावनात्मक या नैतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्थिरता और समानता का प्रश्न है। जब गरीब को इलाज न मिले, और होनहार छात्र को शिक्षा से वंचित रहना पड़े, तब असमानता, असंतोष और सामाजिक अशांति बढ़ती है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत, विकसित भारत, विश्वासभरा भारत का नारा कोरा दिखावा ही प्रतीत होता है।

नये भारत में जब आम जनता से करो के रूप में भारी भरकम रकम वसूली जा रही है, जो उस रकम को जनकल्याण एवं जनसेवा में खर्च किया जाना चाहिए। आजादी के बाद से सरकार पर शिक्षा एवं चिकित्सा की ही जिम्मेदारी डाली गयी थी, जिसको सरकारों ने बड़ी चतुराई से धीरे-धीरे निःशुल्क की बजाय सशुल्क करने की कारगरी दिखाई है, जो जनता के विश्वास को आहत करने वाली है। इसलिये भागवत का यह बयान सरकार के लिए आंख खोलने वाला होना चाहिए।

नीति-श्तर पर ऐसे कदम जरूरी हैं जिनसे-सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च गुणवत्ता के साथ सशक्त एवं जनसुलभ किया जाए। निजी क्षेत्र में फीस और इलाज की दरों पर प्रभावी नियंत्रण हो। सेवा-भाव को बढ़ाने के लिए कर-छूट और प्रोत्साहन मिलें, जबकि मुनाफाखोरी पर कठोर दंड लागू हो। स्वास्थ्य और शिक्षा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू किया जाए, इन दोनों क्षेत्रों से धन कमाने की प्रवृत्तियों को अपराध माना चाहिए।

यह भी तय किया जाये कि इन दोनों क्षेत्रों में सेवा एवं मिशन भावना से आने वालों को ही मान्य किया जाये, धन कमाने वालों के लिये इन दोनों क्षेत्रों के दरवाजे बन्द हो।

शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच और दर्शन में शिक्षा और चिकित्सा हमेशा "सेवा और संस्कार" के मूल्यों से जुड़ी रही है। संघ मानता है कि राष्ट्र निर्माण का असली आधार स्वस्थ और शिक्षित नागरिक हैं, और इन दोनों आवश्यकताओं को समाज के हर वर्ग तक सशती, सुलभ और समान रूप से पहुंचाना ही सच्ची देशभक्ति है।

डॉक्टर को केवल इलाज का शुल्क लेने वाला पेशेवर नहीं, बल्कि रोगी की पीड़ा का साझेदार मानना और शिक्षक को केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मी नहीं, बल्कि जीवन-निर्माता के रूप में देखना-यही संघ का दृष्टिकोण है।

इसी सोच के तहत भागवत का यह आह्वान है कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मुनाफाखोरी के पंजे से मुक्त कर, इन्हें सेवा के आदर्श पर स्थापित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न हो और कोई भी रोगी आर्थिक बोझ के कारण इलाज से दूर न रहे। सरस्वती के मंदिर एवं सेवा के आश्रय-स्थल आज व्यापार के केंद्र बन गये हैं, ये मिशन नहीं, व्यवसाय बन गये हैं।

पिछले दिनों इससे जुड़ा जनाक्रोश तब चरम पर नजर आया जब हैदराबाद के एक स्कूल में नर्सरी में दाखिले की सालाना फीस ढाई लाख रुपये बतायी गई। जिससे अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद महंगी होती शिक्षा को लेकर नई बहस छिड़ गई। निस्संदेह, बढ़ती फीस के ये आंकड़े शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण एवं बाजारीकरण को भी रेखांकित करते हैं।

ऐसे में भागवत की हालिया अपील सत्ताधीशों को नीतिगत बदलावों के बारे में सोचने को विवश कर सकती है, अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा एवं चिकित्सा को लेकर नीतिगत कठोर मानवतापूर्ण बदलाव करें एवं इन्हें मुनाफा कमाने की मशीन न बनने दे।

निस्संदेह, भागवत के संदेश पर मोदी सरकार को गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बाजार की वश्तु के बजाय नागरिक अधिकारों के दायरे में लाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों को राजस्व स्रोत के बजाय नागरिक दायित्वों के रूप में मानकर सरकार समता, संतुलन एवं सेवा का समाज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

# स्वतंत्रता का अधूरा आलाप

डॉ. प्रियंका सौरभ

15 अगश्त 1947 को हमने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ दिया था। तिरंगे की फहराती लहरों में वह रोमांच था, जो सदियों की गुलामी और अत्याचार के बाद जन्मा था। हर चेहरे पर एक ही उम्मीद थी-अब अपना देश अपनी मर्ज़ी से चलेगा, अब हर नागरिक को बराबरी का हक़ मिलेगा, अब हम अपने भविष्य के निर्माता होंगे। लेकिन आज़ादी के 78 साल बाद यह सवाल कचोटता है-क्या वह सपना पूरा हुआ?

आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है।

लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है-हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है।

हमारे यहां लोकतंत्र का मतलब अक्सर सिर्फ़ चुनाव रह गया है। हर पाँच साल में वोट डालने को ही हम अपनी भागीदारी मान लेते हैं, लेकिन उसके बाद नेता और जनता के बीच एक अदृश्य दूरी बन जाती है। जनता शिकायत करती है, सरकार सफ़ाई देती है, और इसी बहाने असली मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

हम तकनीक के युग में जी रहे हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बोलने की आज़ादी को अभूतपूर्व विश्तार दिया है। लेकिन इसी आज़ादी का दुरुपयोग भी बढ़ा है-झूठी खबरें, नफ़रत फैलाने वाले संदेश, और डिजिटल विभाजन ने समाज में नई खाइयाँ बना दी हैं।

आज़ादी तभी सार्थक है जब अभिव्यक्ति जिम्मेदारी के साथ हो, और डिजिटल स्पेस का इश्तेमाल जागरूकता और प्रगति के लिए किया जाए, न कि भड़काने और बांटने के लिए। आर्थिक मोर्चे पर भारत ने लंबी दूरी तय की है, लेकिन यह सफ़र सबके लिए एक जैसा नहीं रहा। एक ओर हम अरबपतियों की संख्या में दुनिया में आगे हैं, तो दूसरी ओर करोड़ों लोग अब भी रोज़गार, भोजन और इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महानगरों की ऊँची-ऊँची इमारतों की छाया में झुग्गियों की ज़िंदगी किसी को दिखाई नहीं देती। सच्ची आर्थिक स्वतंत्रता का मतलब है कि हर नागरिक को अपनी मेहनत के दम पर जीवन सुधारने का अवसर मिले, और बुनियादी जरूरतों के लिए वह किसी के रहम पर न हो।

सामाजिक श्तर पर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव आज भी हमारे समाज में गहराई से मौजूद है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा में बराबरी का अधिकार कागजों पर है, लेकिन हकीकत में वे आज भी असमान अवसरों और हिंसा का सामना करती हैं। यह विडंबना है कि एक ओर हम मंगल पर पहुँचने की तैयारी कर रहे हैं, और दूसरी ओर लड़कियों की शिक्षा को बोझ समझने वाले विचार अब भी ज़िंदा हैं।

शिक्षा आज़ादी की असली नींव है। लेकिन हमारे यहां शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में भारी असमानता है। महानगरों के निजी स्कूल और ग्रामीण इलाकों के जर्जर सरकारी स्कूल एक ही देश के हिस्से हैं, लेकिन दोनों की दुनिया अलग है। बिना मजबूत और समान शिक्षा व्यवस्था के हम एक जागरूक और सक्षम नागरिक समाज नहीं बना सकते, और बिना ऐसे समाज के लोकतंत्र भी मजबूत नहीं हो सकता।



स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हालात चुनौतीपूर्ण हैं। कोविड-19 महामारी ने हमारी व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया। बड़े-बड़े अस्पताल शहरों में हैं, लेकिन छोटे कस्बों और गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं भी सपना हैं। स्वतंत्रता का मतलब यह भी है कि कोई नागरिक इलाज की कमी से अपनी जान न गंवाए, और स्वास्थ्य सेवाएं केवल पैसे वालों के लिए न हों।

आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती है-मानसिक गुलामी। हम में से कई लोग आज भी परंपराओं, अंधविश्वासों और पूर्वाग्रहों की जंजीरों में बंधे हैं। बदलाव को अपनाने के बजाय हम अक्सर उसे खतरा मान लेते हैं। असली आज़ादी तब होगी जब हम सोचने, सवाल पूछने और नई राह अपनाने से नहीं डरेंगे।

पर्यावरण संकट भी हमारी स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ मुद्दा है। अगर हवा, पानी और मिट्टी जहरीली होती जाएगी, तो नागरिक का स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार भी खोखला हो जाएगा। विकास और पर्यावरण संतुलन के बीच सामंजस्य बैठाना आज के भारत के लिए अनिवार्य है।

स्वतंत्रता केवल अधिकार लेने का नाम नहीं, बल्कि कर्तव्य निभाने का भी है। हम ट्रैफ़िक सिग्नल तोड़ते हैं, टैक्स चोरी करते हैं, सफाई की अनदेखी करते हैं, और फिर भ्रष्टाचार व अव्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। अगर नागरिक अपने कर्तव्य निभाने में ईमानदार नहीं होंगे, तो शासन भी ईमानदार नहीं हो सकता।

भारत की ताकत उसकी विविधता है। लेकिन यही विविधता हमारे लिए खतरा भी बन सकती है, अगर हम एक-दूसरे को केवल जाति, धर्म या भाषा के चश्मे से देखें। आज के दौर में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम एक-दूसरे की पहचान का सम्मान करें और मतभेदों को दुश्मनी में न बदलने दें। अब वक्त है कि हम स्वतंत्रता को केवल ऐतिहासिक घटना की तरह न मनाएं, बल्कि इसे एक सतत जिम्मेदारी की तरह जिएं। यह जिम्मेदारी सिर्फ़ सरकार की नहीं, हर नागरिक की है। हमें राजनीति में पारदर्शिता, न्यायपालिका में स्वतंत्रता, मीडिया में निष्पक्षता और समाज में समानता सुनिश्चित करनी होगी।

आज के भारत को ऐसी स्वतंत्रता चाहिए जिसमें हर बच्चा बिना डर और भेदभाव के स्कूल जाए, हर युवा को अपनी मेहनत के दम पर अवसर मिले, हर महिला सुरक्षित महसूस करे, हर बुज़ुर्ग को सम्मान और देखभाल मिले, और हर नागरिक अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सके। यही वह भारत होगा जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया था।

राजनीतिक आज़ादी हमारी यात्रा की शुरुआत थी, लेकिन मंज़िल अभी बाकी है। जब तक हम असमानता, भेदभाव, गरीबी, और अज्ञानता को खत्म नहीं करेंगे, तब तक हमारी स्वतंत्रता का आलाप अधूरा ही रहेगा। इस अधूरेपन को पूरा करना हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है-क्योंकि आने वाले भारत की पहचान हमारे आज के फैसलों से तय होगी।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन**: 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल**: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

थाना टप्पल क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतक की पहचान नगला जैसी गांव निवासी रामवीर सिंह के रूप में हुई है। रामवीर सिंह पिछले 25 दिनों से मानसिक बीमारी का इलाज करा रहे थे। आज सुबह वह अपने घर से निकले और कुछ देर बाद उनका शव यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर मिला। सूचना मिलते ही टप्पल पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को खबर दी।

मृतक के बेटे ने बताया कि वह अभी हाल ही में अपने पिता को दवा दिला कर लाए थे। सुबह अचानक घर से निकल गए और फिर उनका शव एक्सप्रेस-वे के नीचे मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टमगृह के लिए भेज दिया।

## तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्र रखने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी अतरौली के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अतरौली पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त संचित पुत्र बह्मजीत निवासी ग्राम भूड नगरिया थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ ग्यासपुर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

## साइबर सेल के कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक अपराध व नोडल अधिकारी श्रीमती ममता कुरील की अध्यक्षता में थाना साइबर क्राइम व साइबर सेल टीम द्वारा नवीन सभागार रिजर्व पुलिस लाइन में जनपद के समश्त थानों पर स्थापित साइबर सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों को साइटेन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर बेसिक कोर्स पूर्ण कराया गया।

## 15 अगस्त को जिले में सभी शराब व बार रहेंगे बंद

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में 15 अगश्त 2025 को सभी देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की थोक एवं फुटकर बिक्री की दुकानें, होटल, बार-रेस्टोरेंट, सैन्य कैंटीन, बॉटलिंग प्लांट, आसवनी एवं अन्य सभी प्रकार के अनुज्ञापनों से मादक पदार्थों की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि यह प्रतिबंध उत्तर प्रदेश देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर अनुज्ञापन एवं व्यवस्थापन नियमावली-2002 और आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के तहत लगाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह नई दिल्ली में विशिष्ट अतिथि होंगे अलीगढ़ के पुर्नवासित 12 बंधुआ श्रमिक

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

15 अगश्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जिले के पुर्नवासित 12 बंधुआ श्रमिकों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह एवं उप श्रम आयुक्त नदीम अहमद द्वारा संयुक्त रूप से अलीगढ़ के पुर्नवासित 12 बंधुआ श्रमिकों को भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहन के माध्यम से बुधवार को हरी झंडी दिखाकर व पुष्प वर्षा कर नई दिल्ली के लिए रवाना किया। बस में श्रमिकों की देखरेख के लिए नोडल व श्रम प्रवर्तन अधिकारी आशीष कुमार अवस्थी भी 12 पुर्नवासित बंधुआ श्रमिकों के साथ रवाना हुए हैं। श्रमिकों की सुरक्षा व सूचना के लिए कलैक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम (24ग7) दिनांक 16 अगश्त तक संचालित है। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त सुरेन्द्र राकेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष चन्द्र व प्रदेश संगठन मंत्री श्रम विभाग कर्मचारी संघ, उ0प्र0 रवेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।

# शिवपाल बोले- 2047 का सपना न दिखाएं, 2025 की सच्चाई का सामना करे सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।** चर्चा में विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विषय पर चर्चा की जा रही है। विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा करते हुए सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने अभी तक युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा नहीं किया। किसानों को एमएसपी नहीं दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब सरकार कह रही है कि 22 साल बाद आज के जो युवा हैं उनके पोते-पोतियों को नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि 2047 का क्या भरोसा है? सरकार ने 2022 तक सभी को घर देने का वादा किया था पर अभी तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा को 2047 का सपना नहीं दिखाना चाहिए बल्कि 2025 की सच्चाई का सामना करना चाहिए।



**कांग्रेस नेता बोलीं- सरकार ढिंढोरा पीटती है पर पूरा नहीं कर पाती है :** यूपी विधानसभा में कांग्रेस दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आज 2047 में भारत को विकसित बनाने की बात की जा रही है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी आज की जो सफलताएं हैं वो हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के विजन का ही परिणाम हैं। वो चाहे चंद्रयान हो या फिर आईआईटी और एम्स।

उन्होंने विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर कहा कि आज हमारे प्रदेश में किसानों की क्या स्थिति है। उनको लेकर जो वादे किए गए थे वो अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। किसानों को एमएसपी नहीं दी गई है। कृषि के उपकरण सस्ते नहीं किए गए हैं। वहीं, खाद की बोरी भी उन्हें नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार का स्वास्थ्य का बजट पूर्ण बजट का सिर्फ छह प्रतिशत है। आयुष्मान योजना में धांधली की खबरें आ रही हैं। बेरोजगारी युवाओं के लिए सबसे बड़ा दंश है। सरकार योजनाओं का ढिंढोरा तो पीटती है पर उन्हें पूरा नहीं कर पाती है।

### संसदीय कार्यमंत्री बोले- हर क्षेत्र में विकास की मजबूत नींव रखी है

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 1947 में देश की आजादी के बाद यूपी में सबकुछ था। मजबूत श्रम बल, जरूरी संसाधन लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण प्रदेश वैसा विकास नहीं कर सका जितनी क्षमता थी लेकिन 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी व 2017 में यूपी में योगी सरकार आने के बाद हमने विकास की मजबूत नींव रखनी शुरू की। अब प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। किसानों को उनकी फसलों का दाम मिल रहा है। प्रदेश ने बीते साढ़े आठ साल में शिक्षा और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में प्रगति की है। अब 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

### संसदीय कार्यमंत्री बोले, विपक्ष का काम सिर्फ अराजकता फैलाना है

इस पर वित्त व संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 2022 में जनता ने हमारे संकल्प पत्र के आधार पर ही हमें जनादेश दिया था। उन्होंने विपक्ष के द्वारा हंगामा करने पर कहा कि इन लोगों का काम सिर्फ अराजकता फैलाना है। सदन में किसी को अराजकता फैलाने की इजाजत नहीं दी सकती है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अराजकता हम नहीं सत्ता पक्ष के लोग फैला रहे हैं।

### विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बोले- सरकार बताए अब तक कितने वादे पूरे किए

विधानसभा में विजन डॉक्यूमेंट-2047 पर बोलते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार 2047 को लेकर चर्चा कर रही है पर सरकार को ये भी बताना चाहिए कि 2017 में सत्ता में आने के बाद अब तक कितने वादे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चर्चा के लिए समय भी बढ़ाया जाए।

# यूपीपीएससी ने अपने तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ दी सीबीआई जांच की मंजूरी, मिले थे पुख्ता प्रमाण

**प्रयागराज , एजेंसी।** अपर निजी सचिव (एपीएस) भर्ती परीक्षा-2010 में हुई धांधली के मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने अपने तीन पूर्व अफसरों के खिलाफ सीबीआई को जांच शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी है। यह जानकारी आयोग की ओर से दाखिल जवाबी हलफनामे में सामने आई है।

आयोग की भर्ती परीक्षाओं की जांच कर रही सीबीआई ने एपीएस भर्ती-2010 में हुई धांधली के मामले में चार अगस्त 2021 को एफआईआर दर्ज की थी और तत्कालीन सिस्टम एनालिस्ट गिरीश गोयल, तत्कालीन अनुभाग अधिकारी विनोद कुमार सिंह और तत्कालीन समीक्षा अधिकारी लाल बहादुर पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा-17 'ए' के तहत के लिए जांच की अनुमति मांगी थी। आखिरकार सीबीआई निदेशक के चेतावनी भरे पत्र के बाद आयोग ने चार साल बाद तत्कालीन अफसरों की जांच करने की अनुमति दे दी है। प्रदेश सरकार ने चार सितंबर 2018 को आयोग की एपीएस भर्ती परीक्षा-2010 में बरती गई अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने की संस्तुति की थी।

सीबीआई की प्रारंभिक जांच में आयोग के कुछ तत्कालीन अफसरों के खिलाफ भर्ती में अनियमितता बरतने के पुख्ता प्रमाण मिले थे। नियुक्ति विभाग ने तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दे दी थी लेकिन अपने अफसरों के विरुद्ध जांच की अनुमति नहीं दी थी।

### आयोग ने जांच बंद करने की दी थी चेतावनी

ऐसे में सीबीआई ने चार अगस्त 2021 को मामले में एफआईआर दर्ज करा दी थी। उसमें तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक का नाम तो था लेकिन आयोग के अफसरों के नामों का खुलासा नहीं किया गया था। जांच को आगे बढ़ाने के लिए सीबीआई लगातार आयोग से अनुमति मांग रही थी और शासन से भी हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जा रहा था लेकिन आयोग अनुमति नहीं दे रहा था। इस पर सीबीआई निदेशक ने 26 मई 2025 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर जांच की अनुमति दिलाने की मांग की थी और 30 दिन में अनुमति न मिलने की स्थिति में जांच को बंद करने की चेतावनी दी थी। सीबीआई निदेशक का पत्र मिलने के बाद शासन ने सक्रियता दिखाते हुए आयोग से जवाब-तलब किया। जिसके बाद आयोग ने दिनांक 25 जून 2025 को सीबीआई को पत्र भेजकर अनुमति दी।

### यह था पूरा मामला

एपीएस भर्ती के तहत दूसरे चरण में शॉर्ट हैंड व टाइप टेस्ट होता है। परीक्षा में पांच फीसदी तक की गलती अनुमन्य थी। साथ ही पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी न मिलने की स्थिति में आयोग अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए अतिरिक्त तीन फीसदी गलती (कुल आठ फीसदी) को अनुमन्य करते हुए अन्य अभ्यर्थियों को भी मौका दे सकता था।

# एक जैसा नाम... सौतेला भाई होता रहा बदनाम, गैंगस्टर हुलिया बदल देता रहा चकमा, नौ साल बाद हुआ गिरफ्तार

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में कोर्ट से नौ साल से वांछित चल रहे गैंगस्टर राहुल सोनकर को जगतपुर चौकी प्रभारी सनी चौधरी ने टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। कागजों में फरार ये शातिर हुलिया बदलकर शहर में ही परिवार के साथ रह रहा था। वहीं, लगातार वारंट जारी होने से पुलिस की किरकिरी हो रही थी।

बारादरी के संजयनगर होली चौराहा का रहने वाला राहुल सोनकर बेहद शातिर बदमाश है। उस पर वर्ष 2016 में फतेहगंज पूर्वी थाना पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया था। फिर बारादरी पुलिस ने उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इसकी विवेचना इज्जतनगर थाने से हो रही थी। अपने पते पर नहीं रह रहा था, इसलिए अदालत से जारी गैरजमानती वारंट तामील नहीं हो पा रहा था। कोर्ट ने बारादरी पुलिस से नाराजगी जाहिर कर एसएसपी अनुराग आर्य को पत्र लिखा था। इसके बाद एसएसपी ने सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम गठित कर राहुल की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सटीक सूचना पर जगतपुर चौकी प्रभारी सनी चौधरी व टीम ने राहुल को हास मियां की मजार के पास से सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

### दाढ़ी बढ़ा ली, रौबदार है चेहरा

पुलिस के मुताबिक राहुल के खिलाफ पांच साल पहले वारंट जारी हुआ तो उसे तलाशा गया। उसके खिलाफ सात से ज्यादा केस दर्ज थे। इस दौरान राजस्थान समेत दूसरे राज्यों में रहकर उसने मजदूरी की। इस दौरान राहुल ने शादी कर ली, उसकी पत्नी गर्भवती है। मां भी साथ रहती हैं। पुलिस उसका पुराना फोटो लेकर उसे तलाश कर रही थी लेकिन अब उसने दाढ़ी बढ़ाकर चेहरा रौबदार बना लिया था। उसके पुराने दोस्त को पकड़कर मुखबिरी ली गई तो राहुल को पकड़ा जा सका।

**कई बार पकड़ा गया भाई राहुल :** बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि राहुल के सौतेले भाई का नाम भी राहुल है और वह एक अस्पताल में काम करता है। वह काफी सीधा है। अक्सर जब कोर्ट का समन आता था तो पुलिस दूसरे राहुल को पकड़ लेती थी। चूंकि पिता का नाम भी एक ही होता था इसलिए दूसरे राहुल का चालान कर दिया जाता था। फिर कोर्ट में जब हकीकत खुलती थी तो उसे छोड़ा जाता था। इस बार पूरी पड़ताल के बाद असली राहुल की गिरफ्तारी की गई है। इसकी मां का नाम विमला देवी है। सौतेले भाई राहुल की मां कंचन की मौत हो चुकी है। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शातिर राहुल सोनकर को टीम ने गिरफ्तार कर तमंचा और कारतूस बरामद किया है। राहुल ने बताया कि तमंचा उसने राजस्थान में रहने के दौरान खरीदा था। राहुल के खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## किसानों ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में नरवल तहसील क्षेत्र के बांबी गांव में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष किसान नेता राधेश्याम मौर्य के नेतृत्व में एक विशाल ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो बांबी गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर टौंस चौराहे तक पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की तादात में किसानों ने जमकर नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन के धर्मपाल सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि किसान इस देश की रीढ़ हैं, लेकिन महीनों चक्कर लगाने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती। जिलाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य ने कहा कि सरकार द्वारा पंद्रह वर्ष से पुराने ट्रैक्टरों को कबाड़ घोषित किया गया है, जबकि सरकार की खुद की रोडवेज बसें तीस वर्षों से खटारा हालत में चल रही हैं। किसानों की ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित पत्र उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा को सौंपा गया। इस पर उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों की मांगें राष्ट्रपति तक पहुंचाई जाएंगी। इस यात्रा में सैकड़ों किसानों की भागीदारी रही, जिनमें सैंकड़ों किसान शामिल रहे।



## मेरठ में बदला मौसम, कभी धूप तो कभी छांव, 17 अगस्त तक रहेंगे बारिश के आसार



**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मंगलवार सुबह शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। रक्षा बंधन से ही मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है-कभी तेज धूप तो कभी आसमान पर काले बादल छा जाते हैं। सुबह के समय घने बादलों के बीच बारिश हुई, जबकि दोपहर में घटा छाई रही और बीच-बीच में हल्की धूप भी झलकी। कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि आगामी 17 अगस्त तक बारिश के आसार बने रहेंगे। बारिश से तापमान में गिरावट आएगी और मौसम सुहावना रहेगा।

## कटौती का पैसा कर्मियों के खाते में आएगा, इन बिंदुओं पर भी बनी सहमति

**अलीगढ़ , एजेंसी।** आधे शहर में दो दिनों से न तो कूड़ा उठ रहा है और न ही सड़कों पर झाड़ू लग रही है। 12 अगस्त को नगर आयुक्त ने कर्मचारियों और सुखमा संस के संचालक व मैनेजर को खरीखरी सुनाई। कहा कि सफाई कर्मचारियों को परेशान करने से बाज आए। शहर को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर है। कटौती की गई धनराशि को इनके खाते में भेजने और हर दिन हाजिरी की जानकारी मोबाइल पर देने का आदेश जारी किया गया। इसके बाद कर्मचारियों ने काम पर लौटने की हामी भरी। 12 अगस्त को भी शहर के जोन दो और चार में सफाई व्यवस्था ध्वस्त रही। सफाई कर्मचारी सुबह ही गांधी पार्क पर एकत्रित हो गए। नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। कोई भी कर्मचारी किसी भी मोहल्ले में काम पर नहीं गया। दूसरे दिन भी सफाई व्यवस्था ध्वस्त रही। नाराज सफाई कर्मचारी करीब 10 बजे फिर से महापौर के आवास पर पहुंच गए। महापौर ने सभी को कार्यालय में बैठा कर समझाया। कहा कि सबके कटे हुए मानदेय के रुपये तीन दिन में खाते में आ जाएंगे। इसके बाद नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मुकेश कुमार, जोनल सफाई अधिकारी रामानंद त्यागी और लेखाधिकारी भरत कुमार दूबे की टीम गठित कर समस्या का समाधान करने को कहा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा की अगुवाई में टीम ने कर्मचारियों और कर्मचारी नेताओं से वार्ता। कर्मियों की समस्या सुनने के बाद उन्होंने कंपनी के संचालक कमल सिंह को आड़े हाथों लिया। कहा कि आपके कर्मचारी विरोधी कार्य से नगर निगम प्रशासन और शहर की छवि धूमिल हो रही है। इसमें सुधार लाएं। कहा कि कर्मचारियों को कोई भी समस्या हो वह पहले कंपनी को बताएंगे। अगर वहां समस्या का समाधान नहीं होता है तो नगर निगम कार्यालय में शिकायत करेंगे। समस्याओं को त्वरित निस्तारण कराया जाएगा।



# प्रवक्ता भर्ती के लिए 13 विषयों का जारी, एक दर्जन में फंसा पेच

**प्रयागराज , एजेंसी।** राजकीय इंटर कॉलेजों, स्पर्श दृष्टिबाधित राजकीय इंटर कॉलेज/समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों और उत्तर प्रदेश जेल प्रशिक्षण विद्यालयों में प्रवक्ता के 1518 पदों पर भर्ती के लिए मंगलवार से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई। दो दर्जन से अधिक विषयों में प्रवक्ता के पदों पर भर्ती होनी थी लेकिन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 13 विषयों का ही जारी किया है।

कुछ विषयों का पाठ्यक्रम तैयार नहीं होने और कई विषयों में अर्हता संबंधी विसंगतियों के कारण माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने अधियाचन को अंतिम रूप से लॉक नहीं किया। ऐसे में शारीरिक अनुदेशक, फारसी, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, तर्कशास्त्र, कृषि शास्त्र, वाणिज्य, गृह विज्ञान, कला, संगीत,




कंप्यूटर, सैन्य विज्ञान और सिलाई विषय में प्रवक्ता के पदों पर भर्ती फंस गई है।

भर्ती में काफी देर हो रही थी, ऐसे आयोग ने उन 13 विषयों का जारी कर दिया जिनमें किसी प्रकार की विसंगति नहीं थी। राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, उर्दू, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, संस्कृत, नागरिक शास्त्र, समाजशास्त्र व प्रवक्ता हिंदी के 1471 पदों पर भर्ती होगी। इसमें पुरुष वर्ग के 777 व महिला वर्ग के 694 पद शामिल हैं।

**12 सितंबर है आवेदन की अंतिम तिथि :** स्पर्श दृष्टिबाधित राजकीय इंटर कॉलेज/समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता हिंदी, अंग्रेजी, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, संस्कृत, इतिहास व प्रवक्ता समाजशास्त्र के 45 पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश जेल प्रशिक्षण (अध्यापक वर्ग) सेवा में प्राध्यापक मनोविज्ञान और प्राध्यापक अपराध विधान एवं दंड शास्त्र विषय के एक-एक पद पर भर्ती के लिए जारी किया गया है। ऑनलाइन परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने व ऑनलाइन आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर और आवेदन में सुधार/संशोधन एवं शुल्क समाधान की अंतिम तिथि 19 सितंबर निर्धारित की गई है।

**प्रवक्ता भर्ती के लिए बीएड की डिग्री अनिवार्य :** प्रवक्ता भर्ती के लिए इस बार बीएड की डिग्री अनिवार्य कर दी गई है। इससे पहले अनिवार्य शैक्षिक अर्हता स्नातकोत्तर की डिग्री थी लेकिन इस बार संबंधित विषय में पीजी के साथ बीएड अनिवार्य कर दिया गया है। प्रवक्ता समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, अंग्रेजी के लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर व बीएड, प्रवक्ता इतिहास के लिए प्राचीन इतिहास/मध्यकालीन इतिहास/आधुनिक इतिहास में स्नातकोत्तर व बीएड, प्रवक्ता जीव विज्ञान के लिए वनस्पति विज्ञान या जंतु विज्ञान में स्नातकोत्तर व बीएड, प्रवक्ता हिंदी के लिए हिंदी विषय में स्नातकोत्तर और एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ कला में स्नातक व बीएड, प्रवक्ता उर्दू के लिए उर्दू विषय में स्नातकोत्तर व बीएड, प्रवक्ता संस्कृत के लिए संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर व बीएड की डिग्री अनिवार्य की गई है।

## जमीन बेचने का झांसा देकर कारोबारी के 35.50 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के जंगल हकीम नंबर दो स्थित मोहनापुर चुन्नीपुर टोला निवासी राम सुभाग गुप्ता से ठगी हो गई। जालसाजों ने गुलरिहा थाने के पीछे जमीन दिलाने का झांसा देकर उनके 35.50 लाख रुपये हड़प लिए। तय समय पर बैनामा न होने पर जब उन्होंने रुपये की मांग की जालसाजों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। राम सुभाग गुप्ता ने बताया कि पिछले साल जमीन के सिलसिले में उनकी मुलाकात महराजगंज जिले के धनहा नाइक निवासी प्रॉपर्टी डीलर अंकुर गुप्ता से हुई थी। उस दौरान अंकुर ने गुलरिहा थाने के पीछे वायु नंदन द्विवेदी की लगभग 1 एकड़ 35 डिसमिल जमीन दिखाया। इसका सौदा 36 लाख रुपये में तय हुआ था। जमीन पसंद आने पर उन्होंने 4 अक्तूबर 2024 को एडवांस के रूप में वायु नंदन के बैंक खाते में 5 लाख रुपये, अंकुर गुप्ता के खाते में 23 लाख रुपये और 3 दिसंबर 2024 को वायुनंदन के रिश्तेदार के खाते में 3 लाख रुपये भेज दिए। आरोप है कि रुपये देने के बाद जब उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री की बात कही तो आरोपी उन्हें धमकाने लगे। आरोपी अब न रुपये वापस कर रहे हैं और न ही रजिस्ट्री। थाने में सुनवाई न होने पर उन्होंने एसएसपी से गुहार लगाई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## यास्तिका और राधा चमकी, भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को तीन विकेट से हराया



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया। ऑफ स्पिनर एला हेवर्ड (46 रन पर दो विकेट) ने फिर 30वें और 32वें ओवर में तेजल हसब्निस और तनुश्री सरकार को आउट कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया। राघवी बिष्ट (34 गेंदों पर नाबाद 25 रन) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले अनिका लियरयोड (90 गेंदों पर नाबाद 92 रन) और रशेल ट्रेनमैन (62 गेंदों पर 51 रन) की ठोस पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहा।

## मुझे उनके खिलाफ गेंदबाजी करने में मजा नहीं आया: वाशिंगटन सुंदर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु में जन्मे ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने आईपीएल के 2017 सीजन में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेलते हुए अपनी कुछ यादे साझा की। वह स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली उस टीम में खेले थे जिसमें दिग्गज एमएस धोनी भी शामिल थे।


पिछले कुछ वर्षों में सुंदर को भविष्य का सितारा माना जा रहा है। नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में उन्हें ज्यादा खेलने का मौका मिल रहा है। सुंदर टेस्ट टीम में नियमित रूप से खेलते है और अन्य प्रारूपों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। इंग्लैंड के एक सफल दौरे के बाद सुंदर ने खुलासा किया कि उन्हें 2017 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले गंभीर को गेंदबाजी करने में मजा नही आया। एक इंटरव्यू में सुंदर ने कहा, उनकी जर्सी के पीछे भी नंबर 5 लिखा था मेरी तरह। और जाहिर है कि वह एक बाएं हाथ के बल्लेबाज थे, जो बेहद शानदार थे। बस एक चीज जो मुझे पसंद नही आई, वह थी आईपीएल में उनको गेंदबाजी करना। वह मेरे खिलाफ बेहद कामयाब रहे, लेकिन वह एक बेहतरीन इंसान भी है। उन्हें हम सब पर इतना भरोसा था कि हम हर समय लड़ेंगे और मैच जीतेंगे। सीरीज के अंत में उन्हें खुश देखकर वाकई खुशी हुई। अपने पहले आईपीएल सीजन में सुंदर ने 11 मैचों में 23.12 की औसत से 8 विकेट लिए। पहली बार जब सुंदर ने आईपीएल मैच में गंभीर को गेंदबाजी की तो गंभीर ने 46 गेंदो पर 62 रन बनाए।

## दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स बनेंगी बार्बी डॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हर रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।





शुभमन गिल से हार गए बाबर आजम

# एशिया कप से पहले ही टूटा पाकिस्तान का घमंड!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप तो दूर की बात है. शुभमन गिल वहां खेलेंगे, वो भी अभी साफ नहीं है. मगर, एशिया कप में 14 सितंबर को होने वाली भारत-पाकिस्तान टक्कर से पहले, शुभमन गिल ने बाबर आजम पर अपने दबदबे की कहानी जरूर लिख दी है. भारतीय क्रिकेट के प्रिंस ने पाकिस्तान क्रिकेट के स्टार बैटर को हरा दिया है. इस हार और जीत की स्क्रिप्ट क्रिकेट के मैदान पर बेशक ना लिखी गई हो. मगर इसका नाता क्रिकेट से जरूर है. शुभमन गिल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने के मामले में बाबर आजम को पीछे छोड़ा है.

**शुभमन गिल कब-कब बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ?**

जुलाई 2025 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले शुभमन गिल, इससे पहले जनवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में भी ये अवार्ड जीत चुके हैं. दुनिया के दूसरे खिलाड़ियों की बात करें तो शुभमन गिल के बाद दूसरा नंबर बाबर आजम का है. उनके बाद इंग्लैंड के हैरी ब्रूक हैं, जो 2 बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने हैं. इंग्लैंड के ब्रूक के अलावा, श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस, ,श्व के मोहम्मद वसीम, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और भारत से जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर ने दो-दो बार ये अवॉर्ड जीता है.

### एशिया कप में खेल सकते हैं गिल

एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान 19 या 20 अगस्त को होने की खबर है. संभावित खिलाड़ियों में एक नाम शुभमन गिल का भी है. अगर शुभमन गिल टीम में आते हैं तो एशिया कप में बाबर आजम से उनकी सीधी टक्कर देखने को मिलेगी. भारत और पाकिस्तान के नजरिए से मुकाबला जीतने के लिए इन दोनों बल्लेबाजों का अपनी-अपनी टीमों के लिए चलना जरूरी होगा.

### ICC प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने में बाबर से आगे निकले गिल

शुभमन गिल को जुलाई 2025 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया गया है. इस अवॉर्ड को जीतने के साथ ही उन्होंने बाबर आजम का भी वो रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिस पर पाकिस्तान अब तक नाज करता आ रहा था. मेंस क्रिकेट में अब तक सबसे ज्यादा 3 बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने का रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम था. मगर शुभमन गिल ने चौथी बार उस खिताब को जीतते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाज को पीछे छोड़ दिया है.

## 7 दिन के अंदर सरेंडर करो...

## हत्या के आरोपी पहलवान सुशील कुमार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश, फिर जाना होगा जेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जूनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत रद्द सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कुमार को जमानत देने संबंधी दिल्ली हाई कोर्ट के 4 मार्च के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति करोल ने फैसले का मुख्य अंश पढ़ते हुए सागर के पिता की ओर से जमानत आदेश के विरोध में दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश ने कहा कि कुमार को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करना होगा।इस बीच सुशील कुमार जमानत पर छूटने के बाद उत्तर रेलवे में अपनी ड्यूटी पर लौट आया था, लेकिन अब उसे 7 दिन के अंदर सरेंडर करना होगा और जेल जाना होगा।

**अशोक धनखड़ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का आदेश पलटा:** वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने मृतक के पिता अशोक धनखड़ का प्रतिनिधित्व किया, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी सुशील कुमार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए। सुशील कुमार पर कई अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में कथित तौर पर एक संपत्ति विवाद को लेकर धनखड़ और उनके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार पर हमला करने का आरोप है।

**नेशनल पहलवान की हत्या के बाद 18 दिनों तक पुलिस से भागता रहा सुशील कुमार**

हरियाणा के रोहतक के 23 वर्षीय पहलवान धनखड़ की हमले में लगी चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी घायल हो गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार धनखड़ की मौत चोट के कारण हुई। इस घटना के बाद ओलंपियन की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया और 18 दिनों तक पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में भागने के बाद गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मुंडका इलाके में गिरफ्तार किया जब वह एक नेशनल स्तर के एथलीट से उधार ली गई स्कूटी पर सवार होकर नकदी लेने आया था। 23 मई, 2021 को गिरफ्तारी के बाद सुशील को रेलवे की नौकरी से निलंबित कर दिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जहां वह अपनी जमानत के आदेश तक रहा।

**सुशील कुमार पर अपहरण, डकैती, हत्या और दंगा सहित कई आरोप:** दिल्ली की एक निचली अदालत ने अक्टूबर 2022 में सुशील कुमार और 17 सह-आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत आरोप तय किए, जिनमें हत्या, दंगा, आपराधिक साजिश, अपहरण, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के आरोपपत्र में सुशील कुमार को इस ग्रुप का सरगना बताया गया है और आरोप लगाया गया है कि अपने घटते प्रभाव की अफवाहों से अपने अहंकार को ठेस पहुंचाने के बाद कुश्ती समुदाय में अपना प्रभाव फिर से स्थापित करने के लिए उसने यह हमला करवाया। सुशील कुमार ने इन आरोपों से इनकार किया है।

## हरभजन सिंह की अपील

# 'खून और पानी एकसाथ नहीं बह सकते, एशिया कप में पाकिस्तान से न खेले भारत'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी एशिया कप टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का आग्रह किया है। हरभजन उस भारतीय चैंपियन टीम का हिस्सा थे जिसने हाल ही में हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में सेमीफाइनल सहित पाकिस्तान चैंपियन टीम के साथ खेलने से इनकार कर दिया था।

भारत पहले टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के बाद मौजूदा चैंपियन था, लेकिन कप्तान युवराज सिंह, शिखर धवन और हरभजन



सिंह जैसे खिलाड़ियों के भारत के पाकिस्तान के साथ खेलने के खिलाफ होने के कारण, भारतीय चैंपियन टीम ने सेमीफाइनल मैच छोड़ दिया और पाकिस्तान को फाइनल में जाने दिया। भारतीय टीम ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में भी खेलने से इनकार कर दिया था। फाइनल में साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को हराकर खिताब जीता।

**देश की गरिमा के आगे क्रिकेट फीका: हरभजन**

हरभजन सिंह ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'उन्हें (भारतीय टीम को) यह समझने की जरूरत है कि क्या जरूरी है और क्या नहीं। यह बिलकुल सीधी बात है। मेरे लिए, वे सैनिक जो सीमा पर खड़े हैं, जिनका परिवार अक्सर उनसे मिल नहीं पाता, जो कभी-कभी अपनी जान दे देते हैं और कभी घर नहीं लौटते, उनका बलिदान हम सबके लिए बहुत बड़ा है। उसकी तुलना में यह बहुत छोटी बात है कि हम एक भी क्रिकेट मैच खेलना नहीं छोड़ सकते। यह बहुत छोटी बात है।'

**जब तक सीमा पर तनाव, तब तक क्रिकेट नहीं: हरभजन**

टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय हरभजन सिंह ने कहा, 'हमारी सरकार का भी यही यानी 'खून और पानी एक साथ नहीं रह सकते' रुख है। ऐसा नहीं हो सकता कि सीमा पर लड़ाई हो, दोनों देशों के बीच तनाव हो और हम क्रिकेट खेलने जाएं। जब तक ये बड़े मुद्दे सुलझ नहीं जाते, क्रिकेट बहुत छोटी बात है।

## आईसीसी रैंकिंग- रोहित शर्मा ने बाबर आजम को पीछे छोड़ा



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बाबर को वेस्टइंडीज दौरे पर खराब प्रदर्शन का नुकसान हुआ है। इसमें शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी। वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

ब्रेविस के अलावा, साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है। भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर है, जबकि जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पॉइंट्स) इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (791 पॉइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए है।

## सिनसिनाटी ओपन

# कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराया

**सिनसिनाटी, एजेंसी।** सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ। अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक ज़बरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था। 22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं, और हार मान रहे हैं, वहीं, अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।



## टी-20 विश्व कप: भारत ने की पड़ोसी देश की मदद, नेपाल की टीम ने बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया

**मुंबई, एजेंसी।** बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में अभ्यास किया। यह भारत और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग का एक और उदाहरण है। बीसीसीआई पड़ोसी देश को क्रिकेट टीम के रूप में अपनी साख बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। टीम ने सुविधाओं का पूरा उपयोग किया और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने के लिए कौशल, फिटनेस और खेल की विभिन्न स्थितियों पर काम किया।




# शे होप ने की पाकिस्तान की ऐसी पिटाई, एबी डीविलियर्स भी छूटे पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तीर से दो शिकार तो सुना था. मगर, वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप ने पाकिस्तान की जैसी पिटाई की है, उसके बाद उन्होंने एक तीर से कई शिकार किए हैं. शे होप ने पाकिस्तान के खिलाफ विस्फोटक शतक लगाकर मोहम्मद रिजवान की टीम की हार तो तय की ही. इसके अलावा एबी डीविलियर्स को भी पीछे छोड़ने का काम किया. इतना ही नहीं, पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज डिसाइडर में शे होप के जमाए शतक के बाद अब क्रिस गेल और धोनी का रिकॉर्ड भी खतरे में पड़ गया है.

शे होप ने पाकिस्तान के खिलाफ 94 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 120 रन बनाए. 127.65 की स्ट्राइक रेट से खेली उनकी इस इनिंग में 5 छक्के और 10 चौके शामिल रहे. ये शे होप के वनडे करियर का 18वां, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा. शे होप की इस शतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 294 रन बनाए, जिससे पार पाना पाकिस्तान के लिए लोहे के चने चबाने जैसा बन गया.